


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 अश्विन ने थलपति विजय स्टाइल में सुंदर को बैटन ...

यूक्रेन मुद्दे पर डोनाल्ड ट्रम्प से किसी भी समय बातचीत को तैयार ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 245 | नई दिल्ली, शनिवार, 21 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

## ओम बिरला ने संसद भवन के द्वार पर धरना-प्रदर्शन करने पर लगाया प्रतिबंध, बोले - गरिमा बनाए रखें

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन में एक अहम घोषणा की। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल, संसद सदस्य या सदस्यों का समूह संसद भवन के द्वार पर धरना या प्रदर्शन आयोजित नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि संसद भवन का परिसर और उसकी प्रतिष्ठित संस्था की गरिमा को बनाए रखना सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है। ओम बिरला ने कहा कि संसद क्षेत्र में किसी भी दरवाजे पर धरना-प्रदर्शन करना सही नहीं है। अगर कोई सदस्य या समूह ऐसा करता है, तो इसका असर उनकी प्रतिष्ठा पर पड़ेगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इस प्रकार की गतिविधियों से सदन की कार्यवाही और संसद की गरिमा को नुकसान पहुंचता है, जिससे लोकतंत्र की असल भावना प्रभावित होती है।



उन्होंने सांसदों ने आग्रह किया कि वह सदन की गरिमा बनाए रखें और संसद भवन के भीतर या उसके आसपास किसी भी प्रकार के प्रदर्शन से बचें। उन्होंने सांसदों की जिम्मेदारी की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि संसद लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण मंदिर है, और इसे हर किसी को आदर देना चाहिए।

दरअसल, गुरुवार को संसद भवन परिसर में हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान भाजपा के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत सीढ़ियों से गिरकर चोटिल हो गए थे। भाजपा सांसदों का आरोप है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन्हें धक्का दिया, जिसके बाद वह गिर गए और घायल हो गए। हालांकि, कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। इस घटना पर भाजपा नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों चोटिल सांसदों का हालचाल भी जाना था। धक्का-मुक्की कांड पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा था कि राहुल गांधी बीआर अंबेडकर की फोटो लेकर शांति पूर्वक जय भीम के नारे लगाते हुए संसद में जा रहे थे। संसद में जाने से किसने रोका ? हम इतने दिनों से साइड में प्रदर्शन कर रहे हैं। जो भी आ रहा है, जा रहा है, उसके लिए पूरा रास्ता है। इन्होंने पहली बार प्रदर्शन किया और सबको रोक दिया, धक्का-मुक्की और गुंडागर्दी की। अमित शाह को बचाने के लिए यह साजिश हुई है। बता दें कि संसद भवन परिसर में इंडिया ब्लॉक के नेता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर के संदर्भ में की गई टिप्पणी को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी नेता अमित शाह का इस्तीफा मांग रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन डॉ अंबेडकर की प्रतिमा से लेकर मकर द्वार तक किया जा रहा है।

## रक्षा प्रबंधन क्षमता में वृद्धि से रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी होगी : राष्ट्रपति

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि हमारे सशस्त्र बलों के कर्मियों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ-साथ बदलती परिचालन गतिशीलता के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है। ग्रे जोन और हाइब्रिड युद्ध के इस युग में सीडीएम जैसी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।**





प्रात: किरण/ एजेंसी

हैदराबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि भारत की रक्षा प्रबंधन क्षमता में वृद्धि से कूटनीतिक और सैन्य साझेदारी मजबूत होगी तथा रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी होगी। सुश्री मुर्मु ने सिकंदराबाद में कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम) में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इससे भारत को वैश्विक सुरक्षा मंचों पर सक्रिय रुख बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने जोर दिया कि भारतीय रक्षा क्षेत्र में वरिष्ठ रणनीतिक नेतृत्व वैश्विक सुरक्षा खतरों का सक्रियता से जवाब देते हुए भारत को अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि आपके सामूहिक प्रयास और व्यक्तिगत उत्कृष्टता 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार करने में मदद करेगी। हमारे सशस्त्र बलों के कर्मियों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ-साथ बदलती परिचालन गतिशीलता के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है। ग्रे जोन और हाइब्रिड युद्ध के इस युग में सीडीएम जैसी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा, युद्ध के मैदानों से परे भी युद्ध लड़े जाते हैं। आज हम मनोवैज्ञानिक युद्ध देख रहे हैं। अधिकारियों से समय के साथ निरंतर विकसित होने और तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा , इस त्रि-सेवा प्रशिक्षण संस्थान को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह अवसर भविष्य के लिए हमारे सशस्त्र बलों के रणनीतिक नेताओं को विकसित करने में रक्षा प्रबंधन कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ता है। मैं पिछले पांच दशकों में इस संस्थान की यात्रा में शामिल सभी लोगों को बधाई देती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह जानकर खुशी हो रही है कि भारतीय अधिकारियों के अलावा, मित्र विदेशी देशों के सैकड़ों वरिष्ठ अधिकारियों को भी वर्षों से यहां प्रशिक्षित किया गया है। इससे भारत की अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को और मजबूत करने में मदद मिलती है। यह संस्थान सशस्त्र बलों के अधिकारियों को प्रभावी निर्णय लेने के लिए ज्ञान और कौशल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सीडीएम भारतीय सशस्त्र बलों के सामने आने वाली वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का समाधान प्रदान करने की दृष्टि से कार्य करता है। प्रौद्योगिकी में प्रगति का राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। युद्ध की पारंपरिक परिभाषाओं और तरीकों को उभरती प्रौद्योगिकियों और नई रणनीतिक साझेदारियों के जरिए चुनौती दी जा रही है। भारत उभरती प्रौद्योगिकी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उच्च प्राथमिकता दे रहा है तथा बढ़ी हुई दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है। सुश्री मुर्मु ने कहा, भारत सरकार ने रक्षा उद्योग की स्वदेशी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कई उपाय किये हैं। सरकार भारतीय और विदेशी निवेशकों को हमारे रक्षा क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। स्वदेशीकरण पर जोर देते हुए घरेलू विनिर्माण के लिए कई रक्षा उत्पादों की पहचान की गयी है और उनका आयात नहीं किया जायेगा।

### रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के नए चरण की शुरूआत करने का यह सही समयः राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि अब समय आ गया है कि देश में ही तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों का निर्माण करके रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का एक नया दौर शुरू किया जाए। उन्होंने यहां रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय (सीडीएम) को प्रेसिडेंट्स कलर प्रदान करने के बाद कहा कि केंद्र सरकार ने रक्षा उद्योग की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, व्यापार में सुगमता और रक्षा औद्योगिक गलियारों के विकास जैसी पहलों के माध्यम से सरकार भारतीय व विदेशी निवेशकों को रक्षा क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने स्वदेशीकरण पर जोर देते हुए कहा कि घरेलू विनिर्माण के लिए कई रक्षा उत्पादों की पहचान की गई है और उनका आयात नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि भारत में ही तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों का निर्माण करके आत्मनिर्भरता का एक नया चरण शुरू किया जाए।

## राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठें, संसदीय संवाद की पवित्रता बहाल करें: धनखड़

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद के उच्च सदन में हंगामे और व्यवधान पर चिंता जताते हुए शुक्रवार को सदस्यों से आह्वान किया कि देश की लोकतांत्रिक विरासत की मांग है कि वे राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठें और संसदीय संवाद की पवित्रता बहाल करें। राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले धनखड़ ने अपने पारंपरिक संबोधन में यह बात कही। सत्र के दौरान हुए कम कामकाज पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वास्तविकता परेशान करने वाली है कि इस सत्र में केवल 40.03 प्रतिशत ही कामकाज हुआ। उन्होंने कहा, इसमें भी केवल 43 घंटे और 27 मिनट ही प्रभावी कामकाज हुआ। सभापति ने कहा, बतौर सांसद, हमें भारत के लोगों से कड़ी आलोचना का सामना भी करना पड़ रहा है और यह सही भी है। लगातार व्यवधान हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों में जनता के विश्वास को लगातार खत्म कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान 2024 के तेल क्षेत्र संशोधन विधेयक और बॉयलर विधेयक को पारित किया गया और भारत-चीन संबंधों पर विदेश मंत्री का



बयान संपन्न हुआ। उन्होंने कहा, ह्यह्ये उपलब्धियां हमारी विफलताओं पर भारी पड़ जाती हैं। धनखड़ ने कहा कि भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस सत्र को समाप्त करते हुए एक गंभीर चिंतन के क्षण का भी सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा, ऐतिहासिक संविधान सदन में संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनः पुष्टि करना था, इस सभा में हमारे कार्य कुछ और ही कहानी बयां करते हैं। संसद के शतकालीन सत्र की शुरूआत 25 नवंबर को हुई थी और इसके अगले दिन 26 नवंबर को संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस पर मुख्य समारोह आयोजित किया गया था। संसद के दोनों सदनों के सदस्य इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

**राजग ने किया कांग्रेस की 'करतूतों' का पदार्फाश**

## बौखलाई कांग्रेस ने लिया शरीरिक बल का सहारा: रीजीजू

**रीजीजू ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस के इस आरोप को खारिज कर दिया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब आंबेडकर का कथित तौर पर अपमान करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को विपक्ष द्वारा निशाना बनाए जाने के बाद हताशा भरे कदम उठाए हैं।**

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कांग्रेस पर राजनीतिक प्रदर्शनों के दौरान शारीरिक बल का सहारा लेने का आरोप लगाया और दावा किया कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्यों की ओर से दशकों तक की उसकी करतूतों का पदार्फाश किए जाने के बाद वह बौखला गई है। रीजीजू ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस के इस आरोप को खारिज कर दिया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब आंबेडकर का कथित तौर पर अपमान करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को विपक्ष द्वारा निशाना बनाए जाने के बाद हताशा भरे कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा, सभी ने देखा कि हमारे सांसदों को कैसे चोट पहुंचाई गई। प्रियंका गांधी वाद्रा ने शायद इसे नहीं देखा होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उन्हें (भाजपा



सांसदों को) चोट पहुंचाई और भाजपा की एक महिला सांसद के साथ दुर्व्यवहार किया। अस्पताल में भर्ती सांसदों की हालत के बारे में पूछे जाने पर रीजीजू ने कहा कि उनकी हालत बहुत गंभीर नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजग सांसदों की यह जायज मांग है कि राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए और उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजग के सांसद बहुत गुस्से में हैं।

## एसएसबी ने सीमाओं की सुरक्षा और नक्सलवाद से लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है: शाह

प्रात: किरण/ एजेंसी

सिलीगुड़ी (प. बंगाल), 20 दिसंबर (वेब वार्ता)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नेपाल एवं भूटान जैसे मित्र देशों से लगीं देश की सीमाओं की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और बिहार एवं झारखंड में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में योगदान के लिए शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की सराहना की। शाह ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में एसएसबी के 61वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा, सशस्त्र सीमा बल ने नेपाल और भूटान जैसे मित्र देशों से लगीं हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसकी सतर्कता और उपस्थिति ने



सिलीगुड़ी कॉरिडोर और पूर्वी क्षेत्र में सुरक्षा की भावना सुनिश्चित की है। वामपंथी उग्रवाद से निपटने में एसएसबी के प्रयासों का उल्लेख करते हुए गृहमंत्री ने कहा, एसएसबी ने बिहार और झारखंड में नक्सलवाद को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अन्य सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय पुलिस के साथ उनके सक्रिय सहयोग ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवादी गतिविधियों को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। इस अवसर पर शाह ने बल से सीमा पर आवाजाही के दौरान राष्ट्र विरोधी तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, एसएसबी का 61वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारे समर्पण की पुष्टि करने का दिन है। एसएसबी के जवानों ने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए शानदार काम किया है। शाह ने सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा देने में एसएसबी की अनूठी पहल की भी सराहना की। उन्होंने कहा, एसएसबी ने भारत के सीमावर्ती गांवों की संस्कृति, भाषा और विरासत को देश की मुख्यधारा से जोड़कर एक सराहनीय काम किया है। यह पहल देश और सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच संबंधों को मजबूत बनाती है।

**संक्षिप्त खबरें**

### पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर जताया दुख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ओम प्रकाश चौटाला के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर भी शेयर की। पीएम मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। प्रदेश की राजनीति में वे वर्षों तक सक्रिय रहे और चौधरी देवीलाल जी के कार्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के चीफ ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर दुख जताते हुए लिखा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला जी के निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ। उनका लंबा राजनीतिक जीवन जनता-जनार्दन की सेवा में समर्पित था। विशेष रूप से किसानों के कल्याण के लिए उन्होंने हमेशा अपनी आवाज बुलंद की। ईश्वर उनके शोक संतप्त परिवार एवं उनके समर्थकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करे।

**महत्वपूर्ण खबर**



### पश्चिमी यूपी के लोगों को मिलेगी सौगात, मेरठ से काशी तक चलेगी वंदेभारत

नई दिल्ली, एजेंसी। पश्चिमी यूपी के लोगों के लिए खुशखबरी अब वे आसानी से वंदेभारत एक्सप्रेस से काशी जा सकेंगे। भारतीय रेलवे ने इस क्षेत्र के लिए एक नई वंदेभारत ट्रेन चलाने की योजना बनाई है, जो मेरठ से काशी तक जाएगी। वर्तमान में मेरठ से लखनऊ के बीच वंदेभारत चल रही है और इसे अब काशी तक बढ़ाया जा रहा है। यह ट्रेन लखनऊ से रायबरेली, प्रतापगढ़ होते हुए बनारस पहुंचेगी। इस ट्रेन के संचालन से पश्चिमी यूपी के लोगों को एक सीधी और आरामदायक कनेक्टिविटी मिल जाएगी। इस वंदेभारत ट्रेन का मार्ग हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली और प्रतापगढ़ होते हुए बनारस तक पहुंचेगा। हालांकि इसका शेड्यूल अभी फाइनल नहीं हुआ है।

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई चीफ सेक्रेटरी को फटकार, क्यों नष्ट नहीं हो रहा कचरा

नई दिल्ली। दिल्ली में कचरे की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हर दिन 3000 टन कचरा अनट्रीटेड रह जाता है, जो बहुत शर्मनाक है। कोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी से पूछा कि इस समस्या का समाधान कब होगा और सरकार इससे निपटने के लिए क्या कदम उठा रही है। दिल्ली में रोजाना 11 हजार टन कचरा इकट्ठा होता है, जिसमें से 8 हजार टन कचरे को नष्ट कर दिया जाता है, जबकि 3 हजार टन कचरा नष्ट नहीं हो पाता है। कोर्ट ने गाजीपुर और भलसवा जैसी जगहों पर कचरा नष्ट करने के लिए आग लगाने पर भी नाराजगी जताई।

**संबोधन** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है।

## सनातन धर्म सुरक्षित तो दुनिया में सब कोई सुरक्षित : सीएम योगी

प्रात: किरण/ एजेंसी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम के अशर्फी भवन आश्रम में आयोजित भव्य अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में भाग लिया। सीएम योगी ने महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और शांति का प्रसार होता है। ऐतिहासिक मंदिरों पर आक्रमण की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग इन पवित्र स्थलों को नष्ट करने का काम करते थे, उनका कुल और वंश नष्ट हो गया। औरंगजेब के परिवार के लोग आज रिक्शा चला रहे हैं। यह उनकी दुर्गति है। अगर उन्होंने पुण्य किए होते और मंदिरों को न तोड़ा होता, तो क्या उनकी ऐसी स्थिति होती ? विश्व शांति की स्थापना केवल सनातन धर्म के माध्यम से हो सकती है। यह शाश्वत धर्म है, जो सृष्टि के आरंभ से ही चला आ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि विरासत और विकास के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। उन्होंने अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या के वैभव को पुनः



स्थापित करने का कार्य किया है। रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण और अयोध्या धाम का विकास इसका जीवंत उदाहरण है। यह यज्ञ न केवल आत्मशुद्धि और पर्यावरण शुद्धि का माध्यम है, बल्कि यह सनातन धर्म की रक्षा और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार भी करता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन मां सरयू के पवित्र अंचल और भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर हो रहा है, जो इस यज्ञ को और भी विशेष बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि जिन गलतियों की वजह से भारत को गुलामी की बेड़ियां झेलनी पड़ीं और हमारे धर्म स्थलों का अपमान हुआ, उन्हें दोबारा नहीं दोहराया जाना चाहिए। उन्होंने भारतवासियों से सनातन धर्म की रक्षा और संरक्षण के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। सीएम योगी ने कहा कि अगर विश्व मानवता को बचाना है तो सनातन धर्म का सम्मान करना होगा। यह धर्म सभी के कल्याण की बात करता है। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम का संदर्भ देते हुए कहा कि यह केवल सनातन धर्म है, जिसने हर जाति और मजहब के लोगों को विपत्ति के समय शरण दी है। सीएम योगी ने कहा कि भारत तब तक भारत है जब तक यहां सनातन धर्म सुरक्षित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस धर्म के संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। युगों-युगों से सनातन धर्म ने सृष्टि के साथ तालमेल बनाकर खुद को जीवंत बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसे किसी भी प्रकार की विकृतियों या विसंगतियों से बचाने के लिए हमें सतर्क रहना होगा। भारत तब तक भारत है जब तक भारत के अंदर सनातन धर्म सुरक्षित है। इसकी रक्षा के लिए इसके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर के कार्य करना होगा। यह एक शाश्वत धर्म है, सृष्टि के साथ चला हुआ धर्म है हो सकता है कि किसी कालखंड में कुछ विसंगतियां आई हो लेकिन, विसंगती का परिमार्जन भी हमारे ऋषि मुनि संतो के माध्यम से समय-समय पर महापुरुषों के द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए हम करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हादसों में दो किशोर समेत चार लोग घायल

**काशीपुर, एजेंसी।** अलग-अलग सड़क हादसों में काजीबाग निवासी सोनू सागर (16) व अनीत (17), ग्राम फिरोजपुर निवासी आशा (40) और पर्वतीय कॉलोनी मानपुर निवासी उमा शंकर (40) और घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है।

### युवक को रोककर दी गालियां, बरसाए ईंट-पत्थर

**रुद्रपुर, एजेंसी।** एक कलेक्शन एजेंट ने एक व्यक्ति पर रास्ता रोककर गालीगलौच कर ईंट पत्थर से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। उसने ट्रांजिट कैंप थाने में तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है वार्ड नंबर एक शिमला बहादुर निवासी गौरव सिंह ने पुलिस को बताया कि वह कॉरपोरेट सल्यूशन में कलेक्शन का कार्य करता है। 18 दिसंबर की दोपहर वह आवास विकास से एक किस्त लेकर घर जा रहा था। आरोप है कि कल्याणी व्यू में गोल्डन एजेंसी के पास एक युवक ने रोककर उसे गालियां दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने ईंट पत्थर से उस पर हमला कर दिया। इसमें उसके सिर और शरीर के अन्य जगहों पर काफी चोटें आई थी। अभियुक्त ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। उसने मामले की शिकायत तत्काल डायल 112 पर की है।

### एसडीएम ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण

**बाजपुर, एजेंसी।** एसडीएम अमृता शर्मा ने नगर पालिका के रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शौचालय पर महिला और पुरुष अंकित नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। बुधवार रात दस बजे एसडीएम अमृता शर्मा अचानक रैन बसेरा पहुंची। रैन बसेरा प्रभारी सीताराम तिवारी आनन-फानन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने नोडल अधिकारी/ईओ को शौचालय पर महिला-पुरुष पृथक-पृथक अंकित करने, रैन बसेरा में रोस्टर के अनुसार कर्मचारी की ड्यूटी लगाने और रैन बसेरा का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि नौ दिसंबर को मात्र एक व्यक्ति रैन बसेरा में ठहरा था। उसके बाद कोई नहीं पहुंचा। इससे प्रतीत होता है कि रैन बसेरा का प्रचार प्रसार नहीं हुआ है।

### लोहे की रॉड से दंपती को पीटा, चार नामजद

**रुद्रपुर, एजेंसी।** कोतवाली क्षेत्र में एक दंपती को लोहे की रॉड से पीटकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी तीन सगे भाई और उनकी मां पर केस दर्ज किया है। वार्ड नंबर 17 खेड़ा निवासी जोगिंदर पाल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि बीते पांच दिसंबर को जितेन्द्र यादव अपने भाई रवि यादव, बबलू यादव और मां कमलावती के साथ उसके घर के सामने आए थे।

### भाजपा नेता गजराज ने मेयर पद के लिए पेश की दावेदारी, कहा- मैंने 40 साल से पार्टी की सेवा की है

**हल्द्वानी , एजेंसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता गजराज बिष्ट ने मेयर पद के लिए दावेदारी की। नेता गजराज बिष्ट अपने समर्थकों के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा- मैंने 40 साल से पार्टी की सेवा की है, मेरी दावेदारी सबसे मजबूत है। गजराज बिष्ट की दावेदारी से पार्टी के एक गुट में उत्साह देखा गया। पर्यवेक्षक केदार जोशी बोले पार्टी में शामिल होने वाले को टिकट मिलना जरूरी नहीं है।

### मदरसों का होगा वेरिफिकेशन, अवैध फंडिंग की भी होगी जांच, सीएम के निर्देश के बाद एक्शन में पुलिस

**देहरादून, एजेंसी।** मदरसों के वेरिफिकेशन किए जाने के मुख्यमंत्री धामी के निर्देश के बाद पुलिस ने अपनी तैयारी कर ली है। जिला स्तर पर समिति बनाई गई है। प्रदेश में अवैध रूप से चल रहे मदरसों की जांच के लिए पुलिस ने भी तैयारी कर ली है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अब पुलिस प्रदेश में मदरसों का वेरिफिकेशन करेगी। साथ ही मदरसों में अवैध फंडिंग को लेकर भी जांच की जाएगी। इसके लिए जिला स्तर पर डीएम की अध्यक्षता में समिति भी बनाई गई है। आईजी व पुलिस प्रवक्ता उत्तराखंड डॉ. नीलेश आंनद भरणे ने बताया कि प्रदेशभर में मदरसों का वेरिफिकेशन कराया जाएगा।

# पीसीएस अफसरों के बीच वरिष्ठता विवाद गहराया, सरकार के इस आदेश के बाद विरोध में उतर आए



**देहरादून, एजेंसी।**
पदोन्नत पीसीएस अफसरों की मांग है कि चूंकि वह सीनियर हैं, इसलिए उन्हें भी एडीएम का पद दिया जाए, जबकि सीधी भर्ती के पीसीएस अफसरों का कहना है कि अस्थायी व्यवस्था के तहत जून 2012 से पीसीएस पद पर सेवाएं देने वालों को 2016 में इस पद पर पूर्ण पदोन्नति मिली है।

प्रदेश में सीधी भर्ती और पदोन्नत पीसीएस अफसरों के बीच वरिष्ठता विवाद गहरा गया है। सीधी भर्ती के दो अफसरों की एडीएम पद पर तैनाती अटकने के बाद वह विरोध में उतर आए हैं।उनका कहना है कि जिस समयावधि को जोड़कर पदोन्नत पीसीएस खुद को वरिष्ठ बता रहे हैं, वह नितांत अस्थायी थी, जिसे अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट भी जोड़ने से मना कर चुका है।

दरअसल, प्रदेश में पीसीएस-2012 बैच के सीधी भर्ती के 19 अफसर हैं, जिनकी ज्वाइनिंग 2014 की है। दूसरे वो 25 अफसर हैं, जो नायब तहसीलदार के पद से एसडीएम के पद पर 2016 में पदोन्नत हुए थे, जबकि ये जून 2012 से बतौर तदर्थ पीसीएस जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

इन अफसरों का कहना है कि चूंकि वह 2012 से एसडीएम के पद पर सेवाएं दे रहे हैं, इसलिए 2014 में आए सीधी भर्ती के पीसीएस से सीनियर हैं। ताजा विवाद तब गहराया, जब सरकार ने सीधी भर्ती से पीसीएस योगेंद्र सिंह और जयवर्धन शर्मा को एडीएम पद पर तैनाती का आदेश जारी कर दिया।

पदोन्नत पीसीएस अफसर इसके विरोध में उतर गए। दोनों सीधी भर्ती के अफसरों की नए पद पर ज्वाइनिंग लटक गई। पदोन्नत पीसीएस अफसरों की मांग है कि चूंकि वह सीनियर हैं, इसलिए उन्हें भी एडीएम का पद दिया जाए, जबकि सीधी भर्ती के पीसीएस अफसरों का कहना है कि अस्थायी व्यवस्था के तहत जून 2012 से पीसीएस पद पर सेवाएं देने वालों को 2016 में इस पद पर पूर्ण पदोन्नति मिली है।


शासन को सौंपे पत्र में उनका कहना है कि उनको 6600 ग्रेड-पे 31 अक्तूबर 2019 को मिला और क्रमांक संख्या 158 से 176 तक के अधिकारियों को 2022 में 6600 ग्रेड-पे दिया गया, जिस आधार पर वह खुद को वरिष्ठ मान रहे हैं।

# सरकारी जमीनों से कब्जा हटाने की राह में अफसर ही रोड़ा

**देहरादून, एजेंसी।** सरकारी जमीनों से कब्जा हटवाने की राह में अफसर ही सबसे बड़ा रोड़ा बन रहे हैं। अफसर अवैध कब्जों को हटाने के बजाय पीपी एक्ट में कार्यवाही कर रहे हैं। इससे कब्जा तत्काल नहीं हट पा रहा। सरकारी भवनों से कब्जेदारों का कब्जा हटवाने के लिए पीपी एक्ट का पालन किया जाता है। इसके अंतर्गत कब्जेदारों को हटाने से पहले बेदखली के नोटिस से लेकर नुकसान के भुगतान का प्रावधान है। यह अधिनियम सिर्फ सरकारी भवनों-परिसरों से कब्जेदारों को हटाने पर लागू होता है, लेकिन देहरादून में इस अधिनियम का बड़ा दुरुपयोग हो रहा है। पीपी एक्ट में सरकारी नोटिस की कार्यवाही में ही कई साल गुजर जा रहे हैं और कब्जेदार इसका लाभ उठा रहे हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल ने अफसरों के इस रवैये पर नाराजगी जताई है। चेतावनी देकर कहा, सभी विभाग 15 जनवरी से पहले अपनी विभागीय भूमि से अतिक्रमणों को चिह्नित कर उसे कब्जामुक्त करा लें।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कर लैंड बैंक तैयार करने के निर्देश दिए। कहा, पीपी एक्ट सरकारी भूमि पर कब्जे के मामले में लागू नहीं होता, बल्कि सरकारी भवनों पर कब्जे के मामले में लागू होता है, सरकारी अफसर पीपी एक्ट की आड़ लेकर कब्जा हटाने की कार्रवाई से बचने का प्रयास न करें। सभी उपजिलाधिकारियों से कहा कि पीपी एक्ट के 21 दिन में प्रकरणों का निस्तारण करें। बैठक में प्रतिभाग न करने पर एक्सईएन एनएच व अधिशासी अधिकारी हरबर्टपुर का वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी संपत्तियों से हटाए गए अतिक्रमण का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करें। डीएम सविन बंसल ने कहा कि पीपी एक्ट का प्रयोग सिर्फ उस स्थिति में किया जाए जब सरकारी भवनों या इमारतों में रहने वालों का कब्जा हटवाने को लेकर विवाद हो।

# उत्तराखंड निकाय चुनाव : सर्वे से दावेदारों का दमखम परखेगी भाजपा, प्रत्याशी तय करने के पैमाने में रिपोर्ट अहम



**देहरादून, एजेंसी।**
पार्टी के पर्यवेक्षकों की टीमें फील्ड में उतर कर स्थानीय पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से रायशुमारी में जुट गई हैं। पर्यवेक्षकों को नगर निगमों में मेयर और नगर पालिका व नगर पंचायतों में अध्यक्षों के वार्ड सदस्यों के लिए तीन-तीन नामों के पैनल तैयार करने हैं, लेकिन कुछ नगर निगमों और नगर पालिकाओं में टिकट के लिए दावेदारों की लंबी कतार हैं।

निकाय चुनाव में जिताऊ प्रत्याशी की तलाश के लिए फील्ड में उतारे गए पर्यवेक्षकों से नामों के पैनल मिलने के बाद भाजपा सर्वे कराएगी। इस सर्वे के जरिये वह पैनल में शामिल किए गए नामों का दमखम परखेगी। यानी प्रत्याशी तय करने के पैमाने में सर्वे की रिपोर्ट भी अहम होगी। पर्यवेक्षकों को 21 दिसंबर तक प्रदेश संगठन को पैनल सौंपने हैं। फिलहाल निकाय चुनाव में दमदार प्रत्याशी उतारने के लिए भाजपा ने कसरत तेज कर दी है। पार्टी के पर्यवेक्षकों की टीमें फील्ड में उतर कर स्थानीय पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से रायशुमारी में जुट गई हैं। पर्यवेक्षकों को नगर निगमों में मेयर और नगर पालिका व नगर पंचायतों में अध्यक्षों के वार्ड सदस्यों के लिए तीन-तीन नामों के पैनल तैयार करने हैं, लेकिन कुछ नगर निगमों और नगर पालिकाओं में टिकट के लिए दावेदारों की लंबी कतार हैं। ऐसे में पर्यवेक्षकों के लिए तीन नामों पर रायशुमारी और सहमति बनाना आसान नहीं होगा। ऋषिकेश, हरिद्वार, मसूरी, हल्द्वानी, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा समेत कई निकायों में पार्टी से जुड़े लोगों ने मेयर और अध्यक्ष पद के आरक्षण को लेकर आपत्तियां दर्ज की हैं। ऋषिकेश सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने से यहां पर्यवेक्षकों को दमदार दावेदारों की तलाश करने के लिए खासा पसीना बहाना पड़ सकता है। यही हाल हरिद्वार और हल्द्वानी सीट पर है, जहां भाजपा कार्यकर्ता ही मेयर सीटों के सामान्य होने की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन यहां सीटें आरक्षित हैं और नए दमदार चेहरों की तलाश होनी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पर्यवेक्षकों से पैनल प्राप्त होने के बाद प्रदेश नेतृत्व अपने स्तर पर भी फीडबैक लेगा। फीडबैक लेने का एक जरिया सर्वे होगा।

# परिवहन विभाग की टीम कर रही थी चेकिंग, सामने से 126 की गति पर निकली बिल्डर की लैंड क्रूजर



**देहरादून, एजेंसी।**
परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम देखती रह गई और 126 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ती हुई टोयोटा लैंड क्रूजर कार सेकंडों में नजरों से ओझल हो गई। तेज गति से निकली कार को देखने वाले देखते रह गए। देहरादून-हरिद्वार राजमार्ग पर गुरुवार दोपहर एक बजकर 51 मिनट पर कुआंवाला में यह कार अनियंत्रित गति से उस समय गुजरी, जब परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम रडार-गन से बेलगाम गति से वाहन दौड़ाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही थी। इस मार्ग पर वाहनों की अधिकतम गति-सीमा 90 किमी प्रतिघंटा निर्धारित है। एआरटीओ (प्रवर्तन) राजेंद्र विराटिया ने बताया कि लैंड क्रूजर कार हिमाचल प्रदेश के सोलन जनपद में बड़ोग की एमएफ परफेक्ट कंस्ट्रक्शन के नाम पर पंजीकृत है। कार का ऑनलाइन चालान कर मालिक के पते पर भेजा जा रहा है। साथ ही चालक के ड्राइविंग लाइसेंस को तीन माह के लिए निलंबित करने की भी संस्तुति की गई है। एआरटीओ ने बताया कि तेज गति से दौड़ रहे वाहन को रोकना या उसका पीछा करने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इस कारण अब ऐसे वाहनों का इंटरसेप्टर व स्पीड रडार-गन से चालान किया जा रहा है। यह चालान घर भेजा जाता है, लेकिन चालान होने का एसएमएस वाहन स्वामी के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर तत्काल पहुंच जाता है। एआरटीओ ने बताया कि यह कार दून से हरिद्वार की ओर जा रही थी। कार नंबर (एचपी-14सी-6786) बताया गया। एआरटीओ ने बताया कि परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमों ने गुरुवार को देहरादून बेलगाम गति से वाहन दौड़ाने वालों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान 113 वाहनों का चालान किया गया। परिवहन कर अधिकारी अनुराधा पंत, श्वेता रौथाण व एमडी पपनोई ने हर्रावाला, कुआंवाला, सहारनपुर मार्ग समेत हरिद्वार बाईपास पर अभियान चलाकर ऑनलाइन चालान किए। देहरादून में तेज गति को नापने के लिए आरटीओ कार्यालय के पास चार इंटरसेप्टर और स्पीड रडार-गन हैं।

# महिलाओं को आर्थिक सशक्तीकरण देगी महिला सारथी योजना, ट्रेनिंग-लाइसेंस और गाड़ी सबकी व्यवस्था करेगी सरकार



**देहरादून, एजेंसी।**
महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रदेश सरकार महत्वाकांक्षी पहल करने जा रही है। महिला सारथी परियोजना के अंतर्गत प्रदेश की सड़कों पर महिला चालक व्यावसायिक यात्री वाहन चलाती दिखाई देंगी। पायलट परियोजना के रूप में इसे देहरादून जिले से प्रारंभ किया जा रहा है। सरकारी और निजी, दोनों क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण को लेकर अब तक कई कदम उठाए जा चुके हैं। महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण का कानून बन चुका है। महिला मंगल दलों को सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस क्रम में अब आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को अब व्यावसायिक वाहनों के संचालन का अवसर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि सारथी परियोजना में ऐसी महिलाओं को प्राथमिकता मिलेगी, जो आर्थिक रूप से कमजोर, विधवा एवं परित्यक्ता हों। परिवहन विभाग महिलाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण देगा। उनके ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। महिलाओं के लिए वाहन की व्यवस्था कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड और निर्भया योजना फंड से की जानी प्रस्तावित है। इसमें लाभार्थी महिला को पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा।

# ऑनलाइन निवेश कर रहे हैं तो जरा बच के! उत्तराखंड में बुजुर्ग से ठगे साढ़े तीन करोड़

**देहरादून, एजेंसी।**
साइबर ठगों ने 87 वर्ष के बुजुर्ग को निवेश का झांसा देकर तीन करोड़ 77 लाख 90 हजार रुपये ठग लिए। जाखन निवासी वरिष्ठ नागरिक एमसी शर्मा ने बताया कि वह विदेश में नौकरी करते थे और वर्ष 2002 में देहरादून आए गए।

उन्होंने बताया कि अगस्त में उन्होंने फेसबुक पर एक वीडियो देखा जिसमें रतन टाटा की ओर से भारतीय नागरिकों के लिए रिजर्व बैंक आफ इंडिया में धनराशि निवेश करने की बात बताई गई। उसमें दिए लिंक पर क्लिक किया तो एक वेबसाइट खुली। वेबसाइट में एक फार्म भरने पर एक महिला ने उनसे संपर्क किया।

30 अगस्त को महिला की बताई स्कीम के बाद उन्होंने निवेश करना शुरू कर दिया। इसके बाद उनके लिए एक वित्तीय सलाहकार नियुक्त कर दिया, जिसने अपना नाम रमन सिंह बताया। व्यक्ति ने अच्छा लाभ उठाने के लिए बड़ी मात्रा में निवेश करने की सलाह दी, जहां उन्होंने आठ लाख रुपये का निवेश किया।

इस धनराशि का भुगतान इसाक जानसन पाल नादर स्टेट बैंक आफ इंडिया इन्वेस्टमेंट में किया गया। 20 अक्टूबर से चार नवंबर के बीच रमन सिंह ने अपने सीनियर संजीव अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय ट्रेडिंग प्रभारी से बात कराई। उसने बताया कि जो धनराशि निवेश की गई है उसका काफी लाभ हुआ है।

ट्रेडिंग के बारे में जानकारी न होने चलते समय-समय पर ठगों ने उनसे धनराशि निवेश कराई और चार नवंबर तक उनसे तीन करोड़ 77 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने बताया कि जब उन्होंने धनराशि वापस करने का आग्रह किया तो उ[illegible]ी ग्रुपों से बाहर कर दिया और फोन बंद कर दिए। इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ। इस मामले में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्र से धनराशि भेजने का झांसा देकर महिला के खाते से साइबर ठग ने 75 हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़िता चौहद बीघा निवासी संगीता ने बताया कि उनके पास एक फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत कर्मचारी बताया।

उक्त व्यक्ति ने बताया कि आपके डेढ़ साल के बच्चे को आंगनबाड़ी केंद्र से पोषाहार मिलता है। अब पोषाहार के साथ ही लाभार्थी के खाते में छह हजार भी भेजे जा रहे हैं। जिसके लिए उन्हें एक लिंक पर अपनी सहमति देनी है। उसके बाद उक्त व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर एक मैसेज भेजा और उस पर क्लिक कर अपनी सहमति देने को कहा।

# कांग्रेसियों ने अमित शाह और केंद्र सरकार का फूंका पुतला

**देहरादून, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बाबा साहब को लेकर दिए गए बयान के विरोध में कांग्रेसियों ने दो जगह विरोध-प्रदर्शन किया। भाजपा की केंद्र सरकार और गृहमंत्री का पुतला जलाकर नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने कहा कि अमित शाह ने बाबा साहब और संविधान का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें इस्तीफा देने के साथ देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस भवन से कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में एश्ले हॉल चौक पर एकत्रित हुए। वहां जमकर नारेबाजी करते हुए गृहमंत्री और केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। गोगी ने कहा कि गृहमंत्री के बयान से साबित हो गया है कि भाजपा नेताओं में बाबा साहब के लिए कोई सम्मान नहीं है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत जोशी, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग दर्शन लाल, प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर मदनलाल आदि मौजूद रहे।

दूसरी ओर कांग्रेसियों ने डीएल रोड पर पूर्व विधायक राजकुमार और पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा के नेतृत्व में गृहमंत्री का पुतला जलाया। राजकुमार ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब का अपमान किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि राज्यसभा में जिस प्रकार के अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल भीमराव आंबेडकर के लिए किया यह गृह मंत्री की तुच्छ मानसिकता को दर्शाता है। इस मौके पर हरदयाल सिंह, डॉ. बलदेव सिंह, अशोक कुमार, राकेश पंवार, नोहर सिंह आदि मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग अकादमी खोलने की तैयारी, प्रदेश के खाते में जल्द जुड़ सकती है एक और उपलब्धि

**देहरादून, एजेंसी।** राज्य में बॉक्सिंग की संभावनाओं को देखते हुए यहां अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग अकादमी खोले जाने का सुझाव दिया गया है। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा।

उत्तराखंड को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिलने के बाद उसके खाते में जल्द एक और उपलब्धि जुड़ सकती है। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और शासन के बीच राज्य में अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग अकादमी खोलने पर सहमति बनी है।

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के महासचिव हेमंत कलिता के मुताबिक, उनकी इस संबंध में विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा बात हुई है। उन्होंने इस पर सहमति जताई है। वहीं, विशेष प्रमुख सचिव खेल का कहना है कि इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के महासचिव हेमंत कलिता इन दिनों देहरादून में हैं। राज्य में बॉक्सिंग की संभावनाओं को देखते हुए यहां अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग अकादमी खुलनी चाहिए। कहा, इसके लिए उनकी विशेष प्रमुख सचिव खेल से बात हुई है।

# पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता के दौरान हादसा, टेकऑफ के समय गिरा पायलट, हेली एंबुलेंस सेवा से लाया गया एम्स

**टिहरी , एजेंसी।**
पायलट हार्दिक (25) निवासी करनाल प्रतापनगर टेकऑफ प्वाइंट से अपने पैराग्लाइडर से उड़ान भर रहा था। लेकिन 10-15 फीट उड़ते ही वह नीचे गिर गया। जिससे उसके मुंह और कमर में चोट बताई गई।

पैराग्लाइडिंग एक्रो एंड एसआईवी प्रतियोगिता में अभ्यास के दौरान एक पायलट घायल हो गया। उसे तत्काल हेली एंबुलेंस सेवा से एम्स ले जाया गया। अपराह्न करीब पौने दो बजे करनाल निवासी पायलट हार्दिक प्रतापनगर टेकऑफ प्वाइंट से अपने पैराग्लाइडर से उड़ान भर रहा था।

करीब 10-15 फीट उड़ते ही बेकाबू होकर नीचे गिर गया, जिससे उसके मुंह और कमर में चोट आई। मौजूद एसडीआरएफ के अपर उपनिरीक्षक महावीर सिंह ने टीम के साथ रेस्क्यू किया। पैराग्लाइडर को अस्पताल भेजने के लिए हेली एंबुलेंस बुलाई गई। करीब पौने चार बजे पायलट हेली सेवा से एम्स



ऋषिकेश भेजा गया। वहां उसकी स्थिति सामान्य बताई गई है। पर्यटन विकास परिषद की ओर से टिहरी बांध की झील कोटीकॉलोनी में पैराग्लाइडिंग एक्रो एंड एसआईवी प्रतियोगिता शुरू हो गई। प्रतिभागियों ने प्रतापनगर से टेकऑफ कर कोटीकॉलोनी में लैंडिंग का अभ्यास किया। इस दौरान दूर-दराज से आए पर्यटकों ने भी कुड्डा प्वाइंट से से उड़ानभर कर हवाई रोमांच का लुत्फ उठाया। देश-विदेश से पहुंचे कई पायलटों ने प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

मुख्य अतिथि विधायक किशोर उपाध्याय और विशिष्ट अतिथि टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी ने टिहरी बांध की झील किनारे कोटीकॉलोनी में चार दिवसीय पैराग्लाइडिंग एक्रो एंड एसआईवी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि टिहरी बांध की झील का उपयोग स्थानीय लोगों के हितों के लिए किया जाना चाहिए। टिहरी झील वाटर स्पोर्ट्स हब के रूप में पहचान बन रही है। उन्होंने कहा कि टिहरी में भी पैराग्लाइडिंग के टेकऑफ और लैंडिंग स्थल कोटीकॉलोनी में दुनिया में प्रसिद्ध टर्की जैसी सुविधाएं विकसित करने की जरूरत है। पर्यटन विभाग को इस तरह की प्रतियोगिताओं में स्थानीय युवाओं की भागीदारी बढ़ानी चाहिए। 22 दिसंबर को पैराग्लाइडिंग चैंपियनशिप के समापन अवसर पर स्थानीय छात्रों को शामिल करें। युवाओं को लाने-ले जाने के लिए टीएचडीसी निशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराएगी। टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी ने कहा कि टिहरी झील में खेलों को लगातार बढ़ावा मिल रहा है, जिससे टिहरी झील क्षेत्र बड़ा रोमांचकारी एडवेंचर बन रहा है। इससे निश्चित ही स्थानीय लोगों का रोजगार भी बढ़ेगा। इस मौके पर सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, आईटीबीपी के डिप्टी कमांडिंग आशुतोष बिष्ट, भाजपा जिला महामंत्री उदय रावत, तकनीकी विशेषज्ञ पैराग्लाइडिंग तानाजी ताकवे, अर्तोस, टिहरी जिला पर्यटन अधिकारी सोबत सिंह राणा, उधम सिंह नगर पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट,चमोली पर्यटन अधिकारी बृजेंद्र पांडेय, खुशाल सिंह नेगी, सीमा नौटियाल, मनोज जोशी, बलवंत सिंह कपकोटी आदि मौजूद थे। पर्यटन विकास परिषद के अपर कार्याधिकारी अश्वनी पुंडीर ने बताया कि पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता में उत्तराखंड, हिमाचल, नार्थ ईस्ट और महाराष्ट्र के 75 प्रतिभागी और फ्रांस, ईरान, रूस, स्पेन और स्विटजरलैंड आदि देशों से 25 पायलट प्रतिभाग कर रहे हैं।

सम्पादकीय

## थैले में फिलीस्तीन की आजादी

गांधी-नेहरु परिवार लम्बे अरसे से राजनीति में सक्रिय है। लेकिन यह शायद पहली बार है कि लगभग सारा परिवार संसद में उपस्थित है। सोनिया गांधी राज्यसभा की सदस्य हैं, उनका बेटा राहुल गांधी और उनकी बेटी प्रियंका गांधी लोकसभा की सदस्य हैं। मोती लाल नेहरु से राजनीति शुरू करने वाला यह परिवार सोनिया गांधी तक पहुंचते-पहुंचते देश की राजनीति में तो बना हुआ है, लेकिन भारतीय संस्कृति, उसके इतिहास व समाजशास्त्र से बुरी तरह कट चुका है। इसमें परिवार की इस पीढ़ी का दोष नहीं है। सोनिया गांधी से इस प्रकार की आशा भी नहीं करनी चाहिए। जहां तक उनके बेटे और बेटी का प्रश्न है, वे छोटी उम्र में ही पिता के साये से मरहूम हो गए थे। इसलिए उन पर माता का ही प्रभाव पड़ सकता था। यह प्रभाव पड़ा भी। यही कारण है कि राहुल गांधी जलेबियों की फैक्टरियां लगवा कर चुनाव जीतने की रणनीति बनाने लगे। जहां तक प्रियंका गांधी का प्रश्न है, उसको शायद किसी ने बता दिया होगा कि आजकल देश में प्रमुख मुद्दा फिलीस्तीन की आजादी का है। यदि कांग्रेस फिलीस्तीन की आजादी के पक्ष में खड़ी हो जाती है, तो भारत के लोग कांग्रेस के पक्ष में खड़े हो सकते हैं। यानी भारत में कांग्रेस की सत्ता में वापसी का रास्ता फिलीस्तीन की आजादी में से होकर गुजरता है। लेकिन असली मसला तो यह था कि कांग्रेस या भारत की फिलीस्तीन को आजादी दिलवाने में क्या भूमिका हो सकती है? आजादी प्राप्त करने का तरीका क्या है? सोनिया गांधी परिवार के लिए गणित के इस कठिन प्रश्न का उत्तर पा लेना जरूरी था। अब इस कठिन प्रश्न का उत्तर कांग्रेस के लिहाज से एक ही हो सकता था कि प्रियंका गांधी अपने कन्धे पर ह्यफिलीस्तीन की आजादीह्न लिखा बैग लेकर संसद में जाए तो फिलीस्तीन आजाद हो सकता है। फिलीस्तीनी आजादी से प्रसन्न होकर भारत में कांग्रेस की सत्ता वापसी हो सकती है। दूसरे दिन किसी ने बता दिया कि ह्यफिलीस्तीन की आजादीह्न भारत का इश्यू नहीं है। यहां तो सत्ता वापसी का रास्ता ह्यबांग्लादेशह्न के हिंदू का मसला उठाने से बन सकता है। तब दूसरे दिन प्रियंका गांधी अपने पर्स पर बांग्लादेश लिखवा लाईं। लेकिन चिंता तो है ही। समय निकलता जा रहा है और सत्ता वापस आने के आसार दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रहे। खुदा का शुक्र है कि सोनिया जी के दोनों बच्चे अंग्रेजी पढ़े लिखे हैं। पुराने ह्यब्रिटिश मास्टरह्न की किताबों में दिन-रात खपते हैं। आखिर यूरोप के लोग दो सौ साल हिंदुस्तान पर राज कैसे कर गए? इस मामले में सोनिया गांधी भी कुछ न कुछ बताती ही होंगी या कम से कम माथा तो खपाता ही होंगी। तब पता चलता है कि वे भारत के लोगों में फूट डालते थे और राज करते थे। तभी से पूरा ह्यराज परिवारह्न भारत में हर हालत में जाति के आधार पर जनगणना करवाने को लेकर छटपटा रहा है। प्रतीक्षा करनी चाहिए, अब प्रियंका गांधी ह्यजाति गणना करवाएंह्न वाला बैग लेकर संसद में कब आती हैं। सत्ता वापसी का एक दूसरा रास्ता भी दिखाई दे रहा है। ईवीएम को लेकर प्रतिदिन मातमी धुनें बजाई जाएं। इससे देश के भविष्य का प्रश्न जोड़ा जाए। इसलिए हर रोज कायदे से ईवीएम के तबले पर घंटों रियाज किया जाता है। लेकिन राज परिवार की इन हरकतों से आसपास के राजनीतिक पड़ोसी भी घबराहट में हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने तो इस बेमानी शोर शराबे से तंग आकर कह ही दिया कि लगता है आप लोगों से यह हो नहीं पाएगा। ईवीएम का रोना धोना बंद करो, सत्ता प्राप्ति का कोई दूसरा रास्ता तलाशो। लेकिन राज परिवार का यही तो संकट है। सत्ता तक पहुंच पाने का दूसरा रास्ता कहां है, सोनिया-राहुल-प्रियंका ने उस रास्ते की तलाश में मल्लिकार्जुन खडगे साहिब को आगे कर दिया। वह हाथ में डंडा लेकर अंधेरे में टटोलते हुए एक-एक कदम आगे चलते हैं और राज परिवार उनके पीछे चलता है। दुनिया आशा पर ही टिकी हुई है। वैसे भी खडगे देसी आदमी हैं, इस देश को बखूबी समझते हैं। कहीं न कहीं तो पहुंचाएंगे ही। परंतु खडगे भी बेचारा क्या कर सकता है। दुनिया की नजर में तो वह आगे-आगे दिखाई देता है, लेकिन आज्ञा पीछे से राज परिवार ही दे रहा है। कभी दाएं मुड़, कभी बाएं मुड़। इस बुढ़ौती में खडगे साहिब परेशान हैं। लेकिन हर हालत में इस पुराने राज परिवार के बच्चों को इस देश के तख्त पर बिठाना है। पर बच्चे नटखट हैं। खडगे की सुनते नहीं, उन पर अपना हुक्म चलाते हैं। कभी सोरोस जार्ज के कन्धों पर सवार होकर चिकोटी काटते हैं और कभी अमेरिका की भारत विरोधी ह्यडीप सटेटह्न के अंग संग दिखाई देते हैं। यह डीप सटेट इतना तो समझ ही गई है कि भारत को तोडे का जो सामान और पटाखे उसने लम्बे अरसे से तैयार कर रखे थे,

## राष्ट्र प्रथम के लिए लोकतंत्र बना चुनौती

एक देश में किसी तंत्र या संस्था का अस्तित्व उसकी राष्ट्रीय अस्मिता से बड़ा नहीं हो सकता, फिर चाहे वह उस देश की सत्ता हो या न्यायालय। राष्ट्र सर्वोपरि की भावना का संरक्षक बनकर और राष्ट्रीय अस्मिता के प्रति निष्ठा दर्शा कर ही राजनीति, संस्थाएं और तंत्र शक्ति अर्जित करते हैं। आज चुनाव जीतने के लिए जानता को मुफ्त स्कीमें दिए जाने पर कई विद्वान और संस्थाएं आपत्ति जता रहे हैं। चुनाव आयोग और न्यायालय ऐसी घोषणाओं से अर्थव्यवस्था पर बुरे प्रभाव पड़ने को लेकर सभी दलों को बार-बार चेता रहे है। इस प्रकार के प्रलोभनों से देश को होने वाली आर्थिक क्षति के प्रति जैसी चिंताएं परिलक्षित हो रही हैं, वैसा मंथन देश की समग्र चारित्रिक क्षति और वैचारिक एकरूपता में हो रहे ह्रास के प्रति आज तक किसी ने नहीं दिखाया। सत्ता और विपक्ष, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय, वाम और दक्षिणपंथ, लिबरल-कंजरवेटिव और जाति-धर्म के नाम पर दशकों से जारी राजनीति जनित प्रतियोगिता में पूरा देश इतने खेमों में बंट चुका है कि किसी राष्ट्रीय विषय पर भी सर्वस्वीकार्यता संभव नहीं रह गयी। आतंकी हमलों के माध्यम से भारत पर दशकों से हो रहे परोक्ष पाकिस्तानी आक्रमण पर तत्कालीन केंद्र ने इसके खात्मे के लिए सर्जिकल स्ट्राइक की नीति अपनायी जिसकी विश्वसनीयता पर भारत के ही कुछ राजनीतिक दल और उनके समर्थक शत्रु की भाषा बोलने लगे। जम्मू-कश्मीर पर भारत के अधिकार को परोक्ष रूप से कमजोर करने वाली धारा 370 को खत्म किये जाने पर भी राजनीति का वही राष्ट्रीय अस्मिता विरोधी रवैया सामने आया। फिर चाहे अयोध्या में राम जन्मभूमि पर रामलला विराजमान की पुनर्स्थापना हो या ज्ञानवापी और श्रीकृष्ण जन्मस्थान का अनसुलझा मसला, सभी जगह राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने सत्यता पर आंख मूंदकर तुष्टिकरण के लिए सामाजिक विद्वेष बढ़ाने का ही कार्य किया है। जबकि इस प्रकार के राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर राजनीति का स्वभाव निरपेक्ष अभिभावक की भांति होना चाहिए। जिस प्रकार हमारा संविधान विश्व के सबसे दीर्घजीवी संविधानों में एक है और हमारे संतृप्त व सहनशील समाज ने इसकी कमियों को दूर करने के लिए कभी अपेक्षित दबाव नहीं बनाया। ठीक उसी प्रकार भारत के बहुसंख्यक समाज ने 1935 में परतंत्र भारत पर बलात थोपे गए गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट की भी वांछित समीक्षा नहीं की। जो समालोचना हुई भी, उसपर समाज और शासन ने कभी ध्यान नहीं दिया। अन्यथा इस एक्ट को भी भारत के संदर्भ में पुनर्परिभाषित किया जाता। 18वीं सदी के आखिरी दशकों में सत्ता संचालन के जिस लोकतांत्रिक स्वरूप को लोकप्रियता मिली, उसके उदाहरण आर्थिक रूप से समक्ष और कम जनसंख्या वाले देशों से थे। सन 1900 में लोकतंत्र के सबसे बड़े उदाहरण अमेरिका की आबादी महज 7.6 करोड़ थी जो आज के उत्तर प्रदेश की एक तिहाई से भी बहुत कम है। वहीं समग्र 40 करोड़ की आबादी वाले कोलोनियल ब्रिटिश अंपायर ने अपने देश मे लोकतंत्र के साथ राजशाही की शक्तियों को कायम रखा जबकि रूस और चीन जैसे बड़े देशों ने भी पूर्ण लोकतंत्र के स्थान पर साम्यवादी शासन का मॉडल अपनाया। कालांतर में इन देशों ने राष्ट्रपति और कैबिनेट की असीम शक्तियों के माध्यम वोटबैंक वाले लोकतंत्र से विदाई ही ले ली। संभवतः इन देशों के नीतिनिर्धारकों ने वोटबैंक की आड़ में देश की विधारधारा को विभक्त किए जाने से राष्ट्रीय नीति पर पड़ने वाले प्रभावों को समझ लिया था। यही कारण रहा कि इन देशों में लोकतंत्र नहीं होने पर भी इनका समग्र विकास भारत से भी कहीं अधिक तेज गति से होता रहा। नव स्वाधीनता के खुमार में उस दौर की पीढ़ी ने चालाक अंग्रेजों के बनाए और थोपे गए एक्ट को दुर्भाग्यवश अपना पूर्ण हितैषी मान लिया जिसका व्यवहारिकता से कोई संबंध नहीं था। मदनलाल ढींगरा और उधमसिंह से भयभीत गोरे चाहते थे कि भारत छोड़ने के बाद उन पर कोई नया संकट न आए। यही कारण था कि 19वीं सदी में उपनिवेशों की समाप्ति के समय ब्रिटेन ने जिन देशों को छोड़ा, वहां ऐसी व्यवस्थाएं खड़ी कर दीं जिससे वह देश भविष्य में उनसे प्रतिशोध न लें और नव-स्वतंत्र राष्ट्रों के बाजार यूरोपीय उद्योगों के लिए सदैव खुले रहें।

## अंतर्राष्ट्रीय गंभीर समस्या भ्रष्टाचार को हटाएं-नया भारत भ्रष्टाचार मुक्त बनाएं

**परिवर्तन यात्रा झारखंड से घुसपैठियों को निकालने, माता- बहनों को सुरक्षा देने, युवाओं को रोजगार देने, आदिवासी दलित व पिछड़ों का कल्याण करने के लिए आई है। भ्रष्टाचार के मामले पर कहा इन भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटका कर सीधा करने का काम करेंगे। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि इसका क्रियान्वयन शीघ्र तात्कालिक किया जाए, जिसकी अभी से सीधे रणनीति बनाकर टॉपअप से बॉटमअप तक व 747 जिलों से 5410 से अधिक तहसीलों तक पैनी नजर रखकर ऐसा जाल बिछाया जाए, कि एक चपरासी भी 10 रुपए की रिश्वत लेने से डरे! जिस तरह से माननीय गृहमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ बॉडी लैंग्वेज दिखाते हैं वह अब धरातल पर तात्कालिक लाना जरूरी है।**






**किशन सनमुखदास भावनानी**
लेखक


वैश्विक स्तरपर राजनीतिक भ्रष्टाचारियों को कड़ा संदेश देने के लिए दुनियाँ की न्यायपालिकाएं अब कमर कर चुकी है शायद यही कारण है कि दुनियाँ भर में न्यायपालिकाओं के पर खतरे जा रहे हैं, जिसका सटीक उदाहरण बुधवार दिनांक 18 दिसंबर 2024 को देर शाम फ्रांस के सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले से स्पष्ट होता है, बता दें फ्रांस की सर्वोच्च अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को भ्रष्टाचार और प्रभाव के दुरुपयोग के मामले में दोषी ठहराते हुए उनकी एक साल की जेल की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ऑफ कसेशन ने बुधवार को इस मामले पर अपना अंतिम फैसला सुनाया, जिसमें कहा गया, सजा और दोष अब अंतिम हैं। भारत में कुछ महीनों से नए भारत, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल भारत, प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में झंडे गाड़ रहे भारत, 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था इत्यादि अनेक मिशन को लेकर खूब चचाएं हो रही है। टीवी चैनलों पर डिबेट हो रहे हैं जो इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं। और हो भी क्यों ना क्योंकि यह विजन हमारे पीएम का ड्रीम विजन है। हम अक्सर प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विजन 2047 का जिक्र सुनते हैं, जो हमारे देश के स्वतंत्रत भारत का 100 वाँ साल होगा और हमारे उपरोक्त सभी विजन का एक डेडलाइन निर्धारित साल है। हम आज से ही इन योजनाओं में सक्रिय हो गए हैं कि 2047 में हमारा भारत कैसाहोगा। साथियों इस नए भारत में एक बात को प्राथमिकता देना तात्कालिक अनिवार्य है, वह है भ्रष्टाचार को जीरो सहिष्णुता में लाना! क्योंकि यही वह कड़ी है जो प्राथमिकता से सभी योजनाओं, नीतियों और लक्ष्यों को बाधित कर देती है, साथियों जो विकास की योजनाएं चलती है उसमें एक छोटी टेबल से लेकर अंतिम मुख्य टेबल तक का रोल होता है। एक आम आदमी का काम भी एक छोटी टेबल से लेकर मुख्य टेबल तक होता है। परंतु इस बीच में भ्रष्टाचार का दीमक मलाई को चट कर जाता है जिसका दुष्परिणाम आम आदमी को ही भुगतना पड़ता है, पूरा बोझ इमानदार टैक्सपेयर पर पड़ता है, हमने बुधवार दिनांक 18 दिसंबर 2024 को देर शाम आई रिपोर्ट में देखे कि ग्रॉस डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन, जिसमें कॉरपोरेट टैक्स, पर्सनल इनकम टैक्स और एसटीटी शामिल हैं, 19.21 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है, यह पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 20.32 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। 1 अप्रैल से 17 दिसंबर, 2024 के बीच कुल 3.39 लाख करोड़ रुपए के रिफंड जारी किए गए हैं, इसे कायम रखने के लिए इस भ्रष्टाचार रूपी दीमक को प्रशासनिक सख्ती, पारदर्शी व्यवस्था और नागरिकों की मुख्य सहभागिता रूपी दवाई से मिटाने में आसानी होगी। हमारे कुछ टेबल वाले अपवाद साथियों को भी सोचना होगा कि, भ्रष्टाचार के नशीले अहसास में रास्ते गलत पकड़ लिये और इसीलिये भ्रष्टाचार की भीड़ में हमारे साथ गलत साथी, संस्कार, सलाह, सहयोग जुड़ते गये।

जब सभी कुछ गलत हो तो भला उसका जोड़, बाकी, गुणा या भाग का फल सही कैसे आएगा? तभी भ्रष्टाचार से एक बेहतर हमें अपने परिवार की दुनिया बनाने के प्रयासों के रास्ते में भारी रुकावट पैदा हो रही है, इसका कारण है खोटी कमाई। इसीलिए हम नए भारत, आत्मनिर्भर, भारत 5 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था का भारत बनाने के लिए इस दीमक की बीमारी पर योजना बद्ध तरीके से रणनीतिक रोडमैप बनाकर काम करना होगा ताकि भ्रष्टाचारकी शून्य सहिष्णुता हो सके। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार समाप्त करने पर काम करने की करें तो शासन प्रशासन इस दिशा में अनेक योजनाएं, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में 30 सालों के बाद संशोधन कर नए प्रावधान शामिल कर भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 कर उनमें अनेक प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिसमें ऐसी कार्रवाई में व्यक्तिगत और कारपोरेट संस्थानों के लिए भी प्रभावी रोकथाम की व्यवस्था की गई है। परंतु मेरा मानना है कि उसके बाद भी यह दीमक अपनी खुराक बराबर निकाल ही रहा है। साथियों अब समय आ गया है कि इस दीमक के लीकेजेस ढूंढकर उनकी खुराक बंद करने की व्यवस्था की जाए, जो नए और आत्मनिर्भर भारत की नीव के पहियों में से एक साबित होगी। साथियों बात अगर हम अब छोटी से बड़ी टेबल वालों की करें तो अब उनकी भी जवाबदारी, जिम्मेदारी का सही, सचेत समय आ गया है कि हमारे पीएम की बात, ना खाऊंगा ना खाने दूंगा, के मंत्र को एकदम गंभीरता से लेकर उसको अमल करना शुरू कर देंगे तो टेबल वालों का भी नए और आत्मनिर्भर भारत बनाने में उनका बहुत बड़ा योगदान माना जाएगा, क्योंकि दीमक को वह अपने पास फटकने ही नहीं देंगे तो दीमक की मृत्यु होना निश्चित है, जिससे शून्य सहिष्णुता का मंत्र हम खुद ही पा लेंगे। साथियों बात अगर हम माननीय केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा अनेकों संबोधनों में भ्रष्टाचारीयों को उल्टा लटकाकर सीधा करने की बात करने की करें तो, 20 सितंबर 2024 केंद्रीय गृह मंत्री ने साहिबगंज से पार्टी की परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की इसके सभा को संबोधित किया। प्रदेश में पार्टी की सरकार बनाएं, भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे, परिवर्तन यात्रा पीएम के महान झारखंड विकसित झारखंड के सपने को पूरा करने का मकसद लेकर आई है।

## धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता: असमानता और अन्याय को दूर करने की औषधि

**समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय पहचान के तहत कई व्यक्तिगत पहचानों के सह-अस्तित्व को संभावित रूप से नष्ट करके इस सिद्धांत के साथ संघर्ष कर सकती है। समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश या दृष्टिकोण की अनुपस्थिति एक महत्त्वपूर्ण बाधा है। सभी व्यक्तिगत कानूनों को मिलाने या संवैधानिक जनादेश का पालन करने वाले नए कानून बनाने की जटिलता आम सहमति बनाने को जटिल बनाती है। अल्पसंख्यक अक्सर समान नागरिक संहिता को बहुसंख्यक दृष्टिकोण के थोपे जाने के रूप में देखते हैं, जिससे अनुच्छेद 25 और 26 के तहत उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन होता है।**





**डॉ. सत्यवान सौरभ**
लेखक

धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता, जिसे समान नागरिक संहिता के रूप में भी जाना जाता है, सभी नागरिकों के लिए, चाहे उनकी धार्मिक सम्बद्धता कुछ भी हो, व्यक्तिगत मामलों-जैसे विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और संपत्ति के अधिकार-को नियंत्रित करने वाले कानूनों का एक ही सेट प्रस्तावित करती है। भारत वर्तमान में हिंदू कानून, मुस्लिम कानून (शरिया) और ईसाई कानून सहित धर्म पर आधारित कई व्यक्तिगत कानूनों के तहत काम करता है। धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता का उद्देश्य इन विविध कानूनी प्रणालियों को एक समान संहिता से बदलना है जो सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू हो। इसका लक्ष्य विभिन्न समुदायों में और उनके भीतर कानूनी एकरूपता प्राप्त करना है, जिससे पुरुषों और महिलाओं के लिए समान अधिकार और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में उल्लिखित राज्य नीतियों के निर्देशक सिद्धांत में यह प्रावधान है कि ह्लराज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। ह्न हालाँकि, एक निर्देशक सिद्धांत होने के कारण, यह न्यायोचित नहीं है। समान नागरिक संहिता उदार विचारधारा से जुड़ी है और उदार-बौद्धिक सिद्धांतों के अंतर्गत आती है। अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), 15 (भेदभाव का निषेध) और 21 (व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता के अंतर्निहित सिद्धांतों का समर्थन करते हैं.... भारत में वर्तमान में पूरे देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता लागू नहीं है। इसके बजाय, अलग-अलग समुदायों के लिए विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे मुद्दों को नियंत्रित करने वाले व्यक्तिगत कानून धर्म के अनुसार अलग-अलग होते हैं। प्रधानमंत्री ने एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की वकालत की है, जो डॉ. अंबेडकर के एकीकृत कानूनी ढांचे के दृष्टिकोण को प्रतिध्वनित करती है। इस आह्वान का उद्देश्य मौजूदा कानूनों के कथित सांप्रदायिक और भेदभावपूर्ण पहलुओं को सम्बोधित करना और कानूनी प्रणाली को एकीकृत करना है। सुप्रीम कोर्ट ने देश को धार्मिक आधार पर विभाजित करने वाले कानूनों को खत्म करने के लिए एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की आवश्यकता पर जोर दिया है। हिंदू कोड बिल सिखों, जैनियों और बौद्धों सहित हिंदुओं के लिए व्यक्तिगत कानूनों को संहिताबद्ध और एकीकृत करने के लिए पेश किया गया। गोवा में गोवा सिविल कोड (पुर्तगाली सिविल कोड 1867) के तहत एक समान नागरिक संहिता है, जो धर्म या जातीयता की परवाह किए बिना सभी गोवावासियों पर समान रूप से लागू होती है। उत्तराखंड ने हाल ही में उत्तराखंड समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पारित किया है, जो अनुसूचित जनजातियों को छोड़कर सभी निवासियों पर लागू विवाह, तलाक और विरासत जैसे मामलों के लिए एक समान नागरिक संहिता लागू करता है। समान नागरिक संहिता असमानता को बनाए रखने वाले पुराने व्यक्तिगत कानूनों को हटाकर धर्मनिरपेक्षता को बनाए रखेगी। यह सभी नागरिकों के लिए समान कानूनी उपचार सुनिश्चित करता है, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, एक एकीकृत कानूनी ढांचे को बढ़ावा देता है जो राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है। समान नागरिक संहिता व्यक्तिगत कानूनों में निहित भेदभावपूर्ण प्रथाओं को समाप्त करेगी, विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित करने वाली प्रथाओं को। नागरिक कानूनों को मानकीकृत करके, यह सभी के लिए समान अधिकारों और सुरक्षा की गारंटी देगा, सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाएगा। यहाँ तक कि एक धर्म के भीतर भी, इसके सभी सदस्यों को नियंत्रित करने वाला एक भी सामान्य व्यक्तिगत कानून नहीं है। उदाहरण के लिए, मुसलमानों के बीच विवाह के पंजीकरण के लिए, कानून जगह-जगह अलग-अलग होते हैं। समान नागरिक संहिता विवाह, तलाक और उत्तराधिकार जैसे नागरिक मामलों पर केंद्रित है, जिसमें धार्मिक प्रथाओं को अछूता रखा गया है। यह दृष्टिकोण अन्य लोकतंत्रों में प्रथाओं के साथ संरेखित है जहाँ धार्मिक स्वतंत्रता के साथ एक समान कानूनी ढांचा मौजूद है। समान नागरिक संहिता भारत के कानूनी ढांचे को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाएगी, जटिल और असंगत व्यक्तिगत कानूनों को सरलीकृत प्रणाली से बदल देगी। इससे कानूनी अनिश्चितता कम होगी और कानूनी खामियों का फायदा उठाने से रोका जा सकेगा। उदाहरण के लिए, सरला मुद्गल बनाम भारत संघ के मामले ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे व्यक्ति कानूनी प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए व्यक्तिगत कानूनों में अंतर का फायदा उठा सकते हैं। समान नागरिक संहिता को लागू करने से कई व्यक्तिगत कानून विवादों को कुशलतापूर्वक हल करके न्यायपालिका पर बोझ काफी कम हो जाएगा। इससे अन्य महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए संसाधन मुक्त होंगे, जिससे समग्र न्यायिक प्रभावशीलता में सुधार होगा। मार्च 2022 तक भारत की अदालतों में लगभग 4.70 करोड़ मामले लंबित हैं, न्यायपालिका लंबित मामलों को निपटाने के लिए संघर्ष कर रही है। वैश्विक धारणाः समान नागरिक संहिता को अपनाने से समानता, धर्मनिरपेक्षता और मानवाधिकारों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करके वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ावा मिल सकता है। संवैधानिक कर्तव्य की पूर्तिः भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। समान नागरिक संहिता धर्म को सामाजिक सम्बंधों और व्यक्तिगत कानूनों से अलग करेगी, समानता सुनिश्चित करेगी और इस प्रकार सद्भाव और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देगी। भारतीय कानून पहले से ही कई सिविल मामलों में एक समान संहिता बनाए रखते हैं, जैसे कि भारतीय अनुबंध अधिनियम और सिविल प्रक्रिया संहिता। हालाँकि, राज्यों ने कई संशोधन किए हैं, जिससे धर्मनिरपेक्ष नागरिक कानूनों के भीतर भी विविधता आई है। संविधान के अनुच्छेद 371 (ए) से (आई) और छठी अनुसूची कुछ राज्यों को विशेष सुरक्षा प्रदान करती है, जो पारिवारिक कानूनों में क्षेत्रीय विविधता की मान्यता को दर्शाती है। समवर्ती सूची में व्यक्तिगत कानूनों को शामिल करना इस विविधता की सुरक्षा का समर्थन करता है, जो अनुच्छेद 44 के तहत एकरूपता के लिए दबाव के साथ विरोधाभास को उजागर करता है। समान नागरिक संहिता भारत के बहुलवादी समाज के लिए खतरा हो सकती है, जहाँ लोगों की अपने धार्मिक सिद्धांतों में गहरी आस्था है। भारत के 2018 के विधि आयोग ने कहा कि इस स्तर पर समान नागरिक संहिता ह्लन तो आवश्यक है और न ही वांछनीयह्व, इस बात पर जोर देते हुए कि धर्मनिरपेक्षता को सांस्कृतिक मतभेदों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को सुनिश्चित करना चाहिए।

## कैसे चलेगा देश जब मची हो चिल्लम-चिल्ली?

संसद के मकर द्वार पर मचा देश व्यापी हो-हल्ला क्यों और किस दिशा पर ले जाने वाला सिद्ध होगा, यह गंभीर जांच प्रक्रिया का विषय माना जा सकता है। सवाल यह उठता है कि आखिर देश को चलाने वाले राजनीति के कर्णधार वर्तमान पीढ़ी को क्या सीख देना चाहते हैं? कभी संविधान को लेकर तो कभी संविधान को रचने वाले को लेकर बवाल खड़ा करना कहां तक उचित है? कोई संविधान को डायरी का रूप देकर मखौल उड़ाता है तो कोई बार-बार किए गए संशोधन पर प्रश्न चिन्ह लगाता है ! आखिर देश को विधिमान्य तरीके से चलाने का दिशा-निर्देश समेटे भारतीय संविधान कब तक वोट की राजनीति से सना दिखाई पड़ता रहेगा? इन सारे मुद्दों पर शायद संसद में बैठे हुए लोग चिंतन करने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं ! देश की जागरूक जनता को ही यह समझना होगा कि देश हित में क्या होना चाहिए और उसके लिए किस तरह की सरकार चुनी जानी चाहिए। अब तो लोग इंसान को भगवान का दर्जा देने की परंपरा को लेकर विकास की गाथा लिखने का प्रयास करने लगे हैं ! न तो यह पहले संभव था और न ही भविष्य में हो पाएगा ! बड़े-बड़े न्यूज चैनल पर जब पूरा विश्व इस तरह के दृश्यों को देखता है तो यह सोचने विवश हो उठता है- क्या यही वह भारत है जो संस्कृति और परंपरा के साथ भाई-चारे का गुणगान करता फिरता है? भारतीय राजनीति का एक और काला अध्याय 19 दिसंबर को संसद के द्वार पर राजनीतिकारों ने लिख डाला ! विगत तीन-चार दिनों से गृह मंत्री के उदबोधन के उपरांत संविधान निमार्ता के मान-सम्मान को दृष्टिगत कर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने, तना-तनी की स्थिति में दिखाई पड़ता रहा है। गुरुवार को पूर्वाह्न स्थिति कुछ ऐसी बिगड़ी कि मेरी नजरों के सामने तो बे-वजह पैदा होने वाले विवाद के दृश्य चलचित्र की भांति चलने लगे। कौन किसकी बे-इज्जती करना चाहता है और कौन किसे सिर-आंखों पर बैठाना चाहता है, इसे भी देश की जनता बखूबी समझ रही है। सत्ता पक्ष के लोग यह आरोप लगा रहे हैं कि विपक्ष के प्रमुख नेता ने मकर द्वार पर महिला जन-प्रतिनिधि के साथ बद-सलूकी की, जबकि दूसरी ओर विपक्ष का वही नेता अपनी सफाई में यह कहता फिर रहा है कि उसके साथ धक्का-मुक्की की गई !

वास्तविकता चाहे जो भी हो पूरे विश्व ने भारतीय संसद की चौखट पर लोकतंत्र को तार-तार होते देखा ! इस प्रकार के अमानवीय दृश्य ने देश की राजनीति के भीतर छिपे स्वार्थ को ही जग-जाहिर किया है। अपने-अपने दावों को पुख्ता बताने वालों ने यह भी नहीं सोचा कि देश की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति इस तरह की चिल्लम-चिल्ली से किस कदर कराह उठेगी? संसद की डेहरी पर मचे बवाल ने देश सहित पूरे विश्व को यह दिखाने से भी परहेज नहीं किया कि बच्चों की तरह लड़ने-झगड़ने से किसका सिर फूटा और किसे अस्पताल की शरण लेनी पड़ी। इतना ही नहीं खुद को दूध का धुला बताते हुए एक-दूसरे पर दोषारोपण भी कम नहीं किए गए। प्रमुख विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी पर हत्या के प्रयास सहित आधा दर्जन आपराधिक धाराओं के तहत मामला भी थाने में दर्ज करा दिया गया ! कौन दोषी है और कौन नहीं? अब यह देश की जनता नहीं बल्कि कोर्ट में बैठे न्यायाधीश तय करेंगे ! इतना जरूर है कि संसद की चहार-दिवारी पर एक महिला सांसद का अपमान के बाद रुदन स्वर कहीं न कहीं बद-मिजाजी की कहानी जरूर कह रहा है। संविधान की 75 वर्षीय गौरवशाली यात्रा पर संसद में बोल रहे गृह मंत्री अमित शाह के कथन संविधान रचयिता को किस तरह से अपमानित करने वाले लगे इसे भी कोर्ट में सिद्ध करने की जरूरत होगी। जहां तक विवाद को राजनीति से जोड़कर देखा जाए तो एक जागरूक नागरिक और मतदाता इसे वोट की राजनीति से कम नहीं मानता है। आज संविधान और संविधान निमार्ता को लेकर हो-हल्ला मचाने वालों को अपने पूर्ववर्ती बर्ताव पर भी नजर घुमाने की जरूरत महसूस करनी होगी। पानी पर लकीर खींचने की असफल कोशिश कहीं बे-वजह के विवाद के कारण अस्तित्वहीन ही न कर दे, इस पर भी विचार किया जाना चाहिए।

# सह-कलाकारों और फिल्मों को लेकर नयनतारा ने की बात



**साउथ अभिनेत्री नयनतारा ने अपनी फिल्मों को लेकर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि रजनीकांत के साथ पहली फिल्म के दौरान वे नहीं जानती थीं कि रजनीकांत का स्टारडम कितना है।**

नयनतारा ने अपनी बायोग्राफी में कम से जुड़ी कई बातों को साझा किया है। उन्होंने रजनीकांत के साथ अपनी फिल्म को लेकर कुछ अनुभव भी साझा किए हैं। साथ ही अपनी फिल्मों और सह कलाकारों को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने उन्हें बेहतर कलाकार बनाया।

### सह कलाकारों के बारे में नहीं जानती थीं नयनतारा

नयनतारा ने कहा कि उन्हें बिल्कुल नहीं पता था कि वे क्या कर रही हैं। किसके साथ काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मेरी शुरुआत दिग्गज सितारों के साथ हुई। ये सभी बातें नयनतारा ने अपनी डाक्यूमेंट्री में की है। बॉलीवुड रिपोर्टर के साथ बातचीत में नयनतारा ने कहा कि वे अपने करियर की शुरुआत में नहीं जानती थीं कि वे क्या कर रही हैं। मैं उन सभी बड़े सितारों के साथ काम कर चुकी हूं और इस बात का मुझे पता ही नहीं था।

### रजनीकांत को लेकर ऐसा सोचती हैं नयनतारा

पी वासु चंद्रमुखी की फिल्म में रजनीकांत के साथ काम करने को लेकर नयनतारा ने कहा, पहले सीन पर पहले ही दिन रजनीकांत सर के साथ सीन किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं उनके बारे में ज्यादा नहीं जानती थी, इस बात ने मेरी मदद की और मैं अपना सीन ठीक से कर पाई। मैंने एक सुपरस्टार के साथ काम किया, ये मुझे बाद में पता चला। वे अपने स्टारडम को लेकर बिल्कुल भी घमंड नहीं करते।उन्होंने मेरी बहुत मदद की। मुझे बिल्कुल भी डर नहीं लगा।

### फिल्म निर्माताओं का धन्यवाद किया

नयनतारा ने फिल्ममेकर्स को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने उनके करियर को और अच्छा बनाने में मदद की। उन्होंने कहा कि उन्होंने कई बड़े फिल्म निर्माताओं के साथ काम किया, जिसके कारण उनका करियर और भी अच्छा हो गया। साथ ही उन्होंने मुझे एक अच्छी अभिनेत्री बनने में भी मदद की।

### इन सितारों के साथ कर चुकी हैं काम

जयराम, मोहनलाल, मम्मोटी, सरथ कुमार, रजनीकांत, सूर्या और विजय के साथ नयनतारा काम कर चुकी हैं। नयनतारा की शुरुआती सात फिल्मों में यही सितारे उनके सह-कलाकार रहे हैं।



# वरुण धवन ने जैकी श्रॉफ के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया!

बहुप्रतीक्षित फिल्म बेबी जॉन में वरुण धवन और जैकी श्रॉफ एक-दूसरे से भिड़ते नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज से पहले, वरुण धवन हाल ही में मुंबई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने सह-कलाकार की प्रशंसा करते नजर आए। अभिनेता ने खुलासा किया कि वह दिग्गज स्टार के साथ काम करके रोमांचित थे और उनके अद्भुत अनुभव के बारे में बात करना बंद नहीं कर सके। वरुण ने कहा, वह बहुत शांत स्वभाव के व्यक्ति हैं, उनके साथ काम करना अद्भुत रहा।

बेबी जॉन अभिनेता ने आगे कहा, जिस तरह से वह ऑफ-स्क्रीन लोगों के साथ व्यवहार करते हैं वह बहुत अद्भुत है। मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है, वह हमारे यहां मौजूद सबसे अच्छे अभिनेताओं में से एक हैं। वरुण धवन ने सह-कलाकार के रूप में जैकी श्रॉफ की व्यावसायिकता की भी प्रशंसा की। उन्होंने खुलासा किया, मुझे उनके साथ कुछ एक्शन भी करना था और उन्होंने मुझे पूरी आजादी दी। कैलीस और मैंने जैकी सर के साथ काम करके बहुत अच्छा समय बिताया। फिल्म के निर्माता एटली के मन में शुरू से ही इस भूमिका के लिए जैकी श्रॉफ थे। वरुण ने खुलासा किया, इस भूमिका के लिए कास्टिंग के पहले दिन से, एटली सर चाहते थे कि जैकी सर यह भूमिका निभाएं। और मुझे कहना होगा, वह उम्मीदों से परे चले गए हैं। यह फिल्म जैकी श्रॉफ 3.0 होगी! उन्होंने जोड़ा. बेबी जॉन में जैकी श्रॉफ खलनायक बब्बर शेर का किरदार निभाते नजर आएंगे। ट्रेलर में उनके खतरनाक अंदाज को दर्शकों ने पहले ही काफी पसंद किया है. इवेंट में प्रोड्यूसर एटली ने कहा कि जैकी श्रॉफ इस साल के विलेन होंगे, जैसे पिछले साल एनिमल के लिए बॉबी थे। जैसे-जैसे बेबी जॉन की रिलीज नजदीक आ रही है, फैंस जैकी श्रॉफ को इस अवतार में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल क्रिसमस पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बेबी जॉन के अलावा, जैकी श्रॉफ कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 में दर्शकों को गुदगुदाते नजर आएंगे। यह फिल्म 6 जून 2025 को सिनेमाघरों में आने वाली है।



# जीवन के हर पड़ाव में साथी की जरूरत है, विजय संग डेटिंग अफवाहों के बीच बोलीं रश्मिका

**अल्लू अर्जुन के साथ पुष्पा 2- द रूल की सफलता के बाद रश्मिका मंदाना हर तरफ छाई हुई हैं, उन्हें नेशनल क्रश का भी टैग दिया गया है। हालांकि, अभिनेत्री अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं।**

फैंस यह जानने को उत्सुक रहते हैं कि आखिर अभिनेत्री का क्रश कौन है। रश्मिका का नाम विजय देवरकोंडा के साथ जुड़ रहा है। ऐसे में अब हाल ही में, रश्मिका ने अपने पार्टनर को लेकर कुछ दिलचस्प खुलासे किए हैं।

### खुलकर बोलीं रश्मिका

रश्मिका ने हाल ही में, एक साक्षात्कार में अपने पार्टनर को लेकर खुलकर बात की है, उन्होंने कहा, मेरे लिए किसी भी रिश्ते में सबसे जरूरी चीज सम्मान है। जब आप एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। एक-दूसरे की परवाह करते हैं। एक दूसरे के लिए जिम्मेदार होते हैं तो यह सब आपस में जुड़ जाता है। मेरे लिए यह सब जरूरी है।

अभिनेत्री ने आगे कहा, मेरे पार्टनर में मुझे वह गुण चाहिए,



जो आमतौर पर सभी लड़कियों को चाहिए होता है। वह दयालु हो, ईमानदार हो, उसे प्यार करना आना चाहिए। दूसरों की परवाह करता हो। एक-दूसरे के लिए जिम्मेदार हो। यह वो क्वालिटी हैं, जो मुझे चाहिए। मेरा मानना है कि अगर हम दोनों एक-जैसे नहीं हैं तो साथ नहीं रह सकते हैं। मुझे जीवन के हर फेज में अपने पार्टनर की जरूरत है।

### जीवन के हर पड़ाव में चाहिए पार्टनर का साथ

इसके अलावा, जब उनसे पूछा गया कि उनके लिए प्यार में होने का क्या मतलब है, तो रश्मिका ने कहा कि इसका मतलब है साझेदारी और साथ। इसे समझाते हुए उन्होंने कहा कि हर किसी को अपने जीवन में एक साथी की जरूरत होती है। कोई ऐसा जो सभी उतार-चढ़ावों का गवाह हो, कोई ऐसा जो आपके साथ खड़ा हो और आपके साथ जीवन को जिए।



# नाना पाटेकर के बारे में गलत धारणा बनाई गई



20 दिसंबर को बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित फिल्म वनवास रिलीज होगी। इसका डायरेक्शन अनिल शर्मा ने किया है। अनिल ने ही पिछले साल गदर-2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाई थी। फिल्म वनवास में नाना पाटेकर और अनिल के बेटे एक्टर उत्कर्ष शर्मा लीड रोल में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले अनिल शर्मा और उत्कर्ष शर्मा ने दैनिक भास्कर से खास बातचीत की है। डायरेक्टर अनिल शर्मा ने कहा कि उन्होंने फिल्म 'अपने' बनाई थी। फिल्म का टाइटल ट्रैक था- अपने तो अपने होते हैं। आज इतने साल बाद वनवास बनाई है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया कि कैसे अपने ही अपनों को वनवास भेज देते हैं। अनिल ने कहा कि फिल्म 'अपने' से 'वनवास' बनाने के सफर में समाज की प्रवृत्ति कितनी बदल गई।

**अनिल जी, आपको अपनी फिल्म के लिए नाना पाटेकर ही क्यों चाहिए थे?**

मुझे इस फिल्म के लिए ऐसा कैरेक्टर चाहिए था, जिसे जीवन जीने का अनुभव हो। कैरेक्टर बहुत कॉम्प्लेक्स था, इसके लिए मुझे नाना सर से बेहतर कोई नहीं लगा। किरदार को निभाना नहीं, बल्कि उसे जीना था। नाना सर ने अपने पूरे करियर में किरदारों को जिया है, न कि निभाया है। मैं दावे से कह सकता हूं कि इस फिल्म को देखने के बाद आज की जेनरेशन हतप्रभ हो जाएगी। उन्हें यह देखकर बहुत अच्छा लगेगा कि नाना सर जैसा व्यक्तित्व हमारे बीच है।

**उत्कर्ष, आपने बचपन से ही बड़े कलाकारों के साथ काम किया है, अब नाना के साथ का एक्सपीरियंस बताइए?**

मैं अपने आप को लकी मानता हूं कि मुझे नाना सर के साथ काम करने का मौका मिला। इनसे मिलना मेरे लिए एक फैन बॉय वाला मोमेंट था।

नाना सर हमेशा इस बात पर जोर देते हैं कि फिल्म के सारे एक्टर्स को अपना काम बेहतर करना चाहिए। वे बैटिंग पार्टनरशिप का उदाहरण देते हैं। नाना सर कहते हैं कि अगर पिच पर सिर्फ एक ही बैट्समैन संचुरी मारेगा और बाकी के सारे बल्लेबाज रन नहीं बनाएंगे तो टीम जीत नहीं पाएगी।

**कहा जाता है कि नाना जी थोड़े सख्त मिजाज के हैं, तो उत्कर्ष आपको इनके साथ काम करने में डर नहीं लगा?**

पता नहीं वे कौन लोग हैं, जो नाना सर को सख्त कहते हैं। मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं हुआ। सेट पर हम दोनों फ्रेंड की तरह रहते थे। इस सवाल पर नाना ने भी जवाब देते हुए कहा- फिल्म के सेट पर उत्कर्ष के दो पिता थे। एक तो अनिल शर्मा और दूसरा मैं।



# ओटीटी पर रिलीज होगी कमल हासन की इंडियन 3

इस साल कई बहुप्रतीक्षित फिल्मों ने रिलीज होने पर दर्शकों को निराश किया और कमल हासन की इंडियन 2 उनमें से एक थी। कमल हासन हाल ही में एस शंकर द्वारा निर्देशित इंडियन 2 में नजर आए थे। इस फिल्म 1996 की इंडियन जैसी ही लोकप्रियता मिलने की उम्मीद थी, लेकिन भारत में बॉक्स ऑफिस पर इसे ठंडी प्रतिक्रिया मिली। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में फिल्म निर्माता शंकर ने इंडियन 2 के बॉक्स ऑफिस विफलता के बारे में बात की। साथ खुलासा किया कि क्या इंडियन 3 सिनेमाघरों के बजाय ओटीटी पर रिलीज होगी? दरअसल, इंडियन 2 के फ्लॉप होने के बाद दावा किया गया कि इंडियन 3 सीधे ओटीटी पर रिलीज होगी। अब निर्देशक ने इस पर खुलकर बात की।

### सिनेमाघरों में ही रिलीज होगी इंडियन 3

शंकर ने इंडियन 2 और इंडियन 3 के बारे में बात करते हुए कहा , मुझे इंडियन 2 के लिए ऐसी नकारात्मक समीक्षाओं की उम्मीद नहीं थी। खैर, मैं आगे बढ़ चुका हूं। मुझे विश्वास है कि गेम चेंजर और इंडियन 3 पर मेरा काम खुद ही बोलेगा। मुझे यकीन है कि दोनों ही थिएटर में देखने का अनुभव मजेदार होंगे। साथ ही उन्होंने इंडियन 3 के ओटीटी पर रिलीज होने वाली खबरों का भी खंडन किया और खुलासा किया कि इंडियन 3 को विशेष रूप से सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

इंडियन 2 की लंबाई छह घंटे से ज्यादा होने के कारण निर्माताओं ने इसे दो भागों में विभाजित करने का फैसला किया, जिसमें इंडियन 2ः जीरो टॉलरेंस जुलाई 2024 में रिलीज हुई और इंडियन 3ः वॉर मोड 2025 में रिलीज होगी।

### फ्लॉप साबित हुई थी इंडियन 2

कमल हासन की एक्शन ड्रामा इंडियन 2 को दर्शकों से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। एस शंकर द्वारा निर्देशित और 250 करोड़ रुपये के कथित बजट पर बनी यह फिल्म दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर केवल 148 करोड़ रुपये ही कमा पाई। अब, शंकर गेम चेंजर पर काम कर रहे हैं, जिसमें राम चरण और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म जनवरी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# यश राज फिल्म्स और पोशम पा पिक्चर्स की फिल्म में आयुष्मान मुख्य भूमिका में

बॉलीवुड के टैलेंटेड स्टार आयुष्मान खुराना यशराज फिल्म्स और पोषम पा पिक्चर्स की बहुप्रतीक्षित क्रिएटिव साझेदारी की पहली बड़ी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। यह सहयोग आज के दर्शकों के लिए एकदम नई और इमर्सिव सिनेमाई अनुभव पेश करने का वादा करता है। पिछले हफ्ते, भारत की सबसे प्रतिष्ठित मीडिया कंपनी यशराज फिल्म्स ने पोशम पा पिक्चर्स के साथ एक रोमांचक क्रिएटिव पार्टनरशिप की घोषणा की। पोषम पा पिक्चर्स को भारतीय मनोरंजन जगत में सबसे इनोवेटिव प्रोडक्शन हाउस में से एक माना जाता है। यह साझेदारी 2025 से थिएट्रिकल फिल्मों का निर्माण करेगी। यह कदम यशराज फिल्म्स के अक्षय विधानी की नई रणनीतिक सोच के तहत उठाया गया है। अक्षय यशराज फिल्म्स को प्रोडक्शन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से एक नया बिजनेस मॉडल विकसित कर रहे हैं। अक्षय का यह दूसरा प्रोडक्शन प्रोजेक्ट होगा। इससे पहले उन्होंने मोहित सूरी की फिल्म प्रोड्यूस की थी, जिसमें आहान पांडे और अनीत पड्डा मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएंगे। एक वरिष्ठ ट्रेड सोर्स ने खुलासा किया, यह अब तक अनटाइटल्ड फिल्म एक जॉनर-बेंडिंग सिनेमाई अनुभव होगी। यह थिएटर में दर्शकों को एकदम नया और अद्भुत विजुअल अनुभव प्रदान करेगी। आयुष्मान खुराना, जिन्होंने हमेशा कंटेंट में इनोवेशन को अपनी पहचान बनाया है, इस प्रोजेक्ट में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म एक ऐसा रोमांचक अनुभव देने का वादा करती है, जो शुरुआत से ही दर्शकों को अपनी सीट से बांध कर रखेगी।





# पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से हराया

प्रात : किरण/ एजेंसी

केपटाउन। कप्तान मोहम्मद रिजवान (80), बाबर आजम (73) और कामरान गुलाम (63) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद शाहीन शाह अफरीदी (चार विकेट) तथा नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। पाकिस्तान के 329 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान तेम्बा बवूमा और टोनी डीजॉर्जी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। छठे ओवर में नसीम शाह ने तेम्बा बवूमा (12) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 12वें ओवर में अबरार अहमद ने डीजॉर्जी (34) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। रासी वान दर दुसें (23), एडन मारक्रम (21) और डेविड मिलर (29) रन बनाकर आउट हुई। हाइनरिक क्लासन ने 74 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्को की मदद से (94) रनों की पारी खेली। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 43.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गई।

कामरान गुलाम को उनकी आतिशी बल्लेबाजी के लिए ह्यप्लेयर ऑफ द मैचह्ण से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने चार विकेट तथा नसीम शाह ने तीन विकेट लिये। अबरार अहमद को दो विकेट मिले। आगा सलमान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले कल देर रात खेले गये मुकाबले में पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 330 रनों का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में अब्दुल्लाह शफीक (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाज करने आये बाबर आजम ने सईम अयूब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में वेना मफाका ने सईम अयूब (25) को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान मोहम्मद रिजवान ने बाबर आजम के साथ तीसरे विकेट के लिये 115 रनों की साझेदारी की। तीसरे विकेट के रूप में बाबर आजम (73) रन बनाकर आउट हुये। आगा सलमान (33), इरफान खान (15) और शाहीन शाह अफरीदी (16) रन बनाकर आउट हुये। मोहम्मद रिजवान ने 82 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (80) रन बनाये। वही कामरान गुलाम ने 32 गेंदों में चार चौक और पांच छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में (63) रनों की पारी खेली। पाकिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 329 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से वेना मफाका ने चार विकेट लिये। मार्को यानसन को तीन विकेट मिले। ब्योर्न फोर्टेन और एंडिले फेहुक्वायो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सीआईएसफ और दिल्ली एफसी की बड़ी जीत, भोला की हैट्रिक

नयी दिल्ली। डीएसए प्रीमियर लीग में सीआईएसफ और दिल्ली एफसी ने बड़े अंतर से अपने अपने मैच जीत कर पहले लेग का शानदार समापन किया। आंबेडकर स्टेडियम मैदान में आज खेले गए एकतरफा मैचों में सीआईएसफ ने फ्रेंड्स यूनाइटेड को 5- 0 से और डीएफसी ने इंडियन एयर फोर्स को 4-1 से परास्त किया। दिन का आकर्षण सीआईएसएफ के स्टार स्ट्राइकर भोला नाथ सिंह की शानदार हैट्रिक रही। पवन प्रताप और आदित्य ने एक एक गोल बांटे। हालांकि सीआईएसफ ने पूरी तरह मैच पर पकड़ रखी लेकिन फ्रेंड्स यूनाइटेड की अग्रिम पंक्ति ने आसान मौके गंवा कर टीम की हार को बड़ा किया। प्लेयर ऑफ द मैच भोला नाथ के सभी गोल दर्शनीय थे। प्रतिद्वंद्वी रक्षक उसे पकड़ने में पूरी तरह नाकाम रहे। दिन के पहले मुकाबले में दिल्ली एफसी ने लंबे समय बाद ग्यारह खिलाड़ियों के साथ उतरी एयर फोर्स को जरा भी नहीं टिकने दिया और पराजित टीम की हार का सिलसिला बरकरार रहा। आरिस खान, कुंतल पाकीरा , सीमन थांग और ल्यूमिनी थांग हॉकीप ने विजेता टीम के गोल जमाए। एयर फोर्स का गोल सैमुएल वान लालपेका ने किया। पहले लेग में खेले 11 मैचों के बाद सीआईएसएफ 26 अंकों के साथ पहले नंबर पर है। दिल्ली एफसी के 22 अंक हैं।

### हॉकी इंडिया लीग की वापसी से पहले वेदांता कलिंगा लांसर्स ने जर्सी, एंथम और मैस्कॉट को लांच किया

भुवनेश्वर। हॉकी इंडिया लीग की वापसी हो रही है और इसे देखते हुए ओडिशा स्थित फ्रेंचाइजी -वेदांता कलिंगा लांसर्स ने भी कमर कस ली है। अपनी तैयारी के क्रम में वेदांता कलिंगा लांसर्स ने भुवनेश्वर में आयोजित एक भव्य इवेंट में अपनी आधिकारिक जर्सी और टीम एंथम को लांच किया। सूर्यवंशी सूरज, खेल एवं युवा सेवा मंत्री, ओडिशा सरकार, वेदांता एल्युमीनियम के सीओओ और कलिंगा लांसर्स के निदेशक सुनील गुप्ता, और भास्कर सरमा, आईएएस, प्रमुख सचिव, खेल और युवा सेवा विभाग ने 28 दिसंबर से शुरू होने वाली लीग में वेदांता कलिंगा लांसर्स का प्रतिनिधित्व करने को तैयार भारतीय खिलाड़ियों के साथ जर्सी का आधिकारिक रूप से अनावरण किया। होम जर्सी में नीले और हरे रंग का आकर्षक कॉम्बिनेशन है, जबकि अवे जर्सी में चमकीले नारंगी और सफेद रंग हैं। नई जर्सी के डिजाइन में इतिहास, कला, भूगोल और संस्कृति का जटिल मिश्रण है, जो ओडिशा की समृद्ध विरासत और दूरदर्शी आकांक्षाओं को समर्पित है। यह जर्सी राज्य के अनूठे सांस्कृतिक तत्वों, प्रकृति से इसके जुड़ाव और इसकी प्रगति की भावना का एक दृश्य वर्णन है। डिजाइन के केंद्र में कोणार्क व्हील है, जो कोणार्क के प्रतिष्ठित सूर्य मंदिर को समर्पित है और ओडिशा के ऐतिहासिक तथा स्थापत्य चमत्कारों का प्रतीक है। जर्सी राज्य की कलात्मक परंपराओं का भी जश्न मनाती है।

### भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में आक्रामक रवैया अपनाना होगा : रिचा घोष

नवी मुंबई। विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने टी20 श्रृंखला में जीत के बाद भारतीय महिला टीम से आत्ममुग्धता से बचने का आग्रह करते हुए तीन मैचों की आगामी वनडे श्रृंखला में वेस्टइंडीज के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाने का आग्रह किया। घोष ने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए सिर्फ 18 गेंदों में अर्धशतक जमाया जिसकी मदद से भारत ने बृहस्पतिवार को तीसरे टी20 मैच में 217 रन बनाये। उन्होंने सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड में न्यूजीलैंड की सोफी डेवाइन और आस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड की बराबरी कर ली। श्रृंखला 2.1 से जीतने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, हम इस लय को वनडे में बरकरार रखना चाहेंगे। हमें आक्रामक रवैया अपनाना होगा। यह नया मैदान है और हम पहले हालात का आकलन करके रणनीति बनायेंगे। उन्होंने कहा कि वह हमेशा से आक्रामक बल्लेबाज रही हैं। उन्होंने कहा, मैं हर मैच में आक्रामक बल्लेबाजी ही कना चाहती हूं। यह अभ्यास सत्र से आता है क्योंकि अभ्यास सत्र में अच्छा करने पर मैच में उसे दोहराना आसान हो जाता है। मैने ऐसे ही तैयारी की है और इससे मुझे मदद मिलती है।

### आईओसी ने अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी के दस्तावेज जारी किये

जिनेवा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने गुरुवार को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र में होने वाले आईओसी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए सात उम्मीदवारों के उम्मीदवारी दस्तावेज जारी किए। ये दस्तावेज सभी के लिए डाउनलोड करने और देखने के लिए उपलब्ध हैं, और कुछ दस्तावेज अंग्रेजी, फ्रेंच और स्पेनिश संस्करणों में उपलब्ध कराए गए हैं। सात उम्मीदवार, एचआरएच प्रिंस फैसल अल हुसैन (जॉर्डन ओलंपिक समिति के अध्यक्ष), डेविड लैपर्टिएंट (यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनेल के अध्यक्ष), जोहान एलियाश (अंतरराष्ट्रीय स्की और स्नोबोर्ड फेडरेशन के अध्यक्ष), जुआन एंटोनियो समरंच (आईओसी के उपाध्यक्ष), क्रिस्टी कोवेंट्री (जिम्बाब्वे के तैराक और ओलंपिक स्वर्णपदक विजेता), सेबेस्टियन को (विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष), मोरिनारी वतनबे (अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ के अध्यक्ष), 30 जनवरी, 2025 को स्विट्जरलैंड के लॉजेन में आईओसी सदस्यों के समक्ष ऑनलाइन अपने अध्यक्षीय उम्मीदवारी की प्रस्तुति देंगे। आईओसी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 18-21 मार्च, 2025 को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र के दौरान होगा।



## कोंस्टास को बुलाना ऑस्ट्रेलिया की ओर से एक घबराहट भरा कदम : ह्यूजेस

### बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए कॉन्स्टास को ऑस्ट्रेलिया की टीम में किया गया शामिल

मेलबर्न। 19 वर्षीय ओपनर सैम कॉन्स्टास को भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में पहली बार शामिल किया गया। ऑस्ट्रेलिया का टॉप ऑर्डर मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह समेत अन्य भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ काफी संघर्ष कर रहा था। उसी कारण यह फैसला लिया गया है। नैथन मैकस्विनी को अंतिम दो टेस्ट मैचों के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है। इसके अलावा तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन को जोश हेजलवुड की चोट के बाद टीम में वापस बुलाया गया है। हालांकि स्कॉट बोलैंड को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग क में शामिल किए जाने की संभावना है। कॉन्स्टास को सीरीज के पहले कुछ मैचों में नजरअंदाज किया गया था। पिछले कुछ समय से कॉन्स्टास शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने शेफील्ड शील्ड में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 88 रन और बीबीएल में सिडनी थंडर के लिए 27 गेंदों में 56 रन बनाए थे। इसके अलावा उन्होंने भारत ए के खिलाफ नवंबर में मेलबर्न में नाबाद 73 रन बनाए थे।

प्रात : किरण/ एजेंसी

युवा सैम कोंस्टास को भारत के खिलाफ आखिरी दो मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में बुलाए जाने के बीच, पूर्व क्रिकेटर मर्व ह्यूजेस का मानना है कि यह मेजबान टीम की ओर से एक घबराहट भरा कदम है। कोंस्टास, 19, अब मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने नाथन मैकस्वीनी को बाहर कर दिया है, जिन्होंने पहले तीन मैचों में 14.40 की औसत से सिर्फ 72 रन बनाए थे। मैकस्वीनी, जो एक विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज नहीं हैं, उन्हें भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने काफी परेशान किया। सीजन की शुरुआत में उन्हें लाना एक साहसिक फैसला होता। अब यह मेरे लिए लगभग एक घबराहट भरा फैसला होगाह्न बस शांत रहें। उन्होंने आखिरी टेस्ट ड्रॉ कराया। ह्यूजेस ने कूरियर मेल से कहा, पिछले दो टेस्ट जीत और ड्रा वाले रहे हैं, इसलिए घबराने की क्या बात है। कोंस्टास शेफील्ड शील्ड के शुरुआती दौर में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो शतक बनाकर सुर्खियों में आए। उन दो शतकों ने उन्हें शेफील्ड शील्ड में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले किशोर होने का गौरव भी दिलाया, इससे पहले कि 1993 में दिग्गज रिकी पोंटिंग ने ऐसा किया था।

## पटना पाइरेट्स को हराकर यू मुंबा ने प्लेआफ के दरवाजे पर मजबूत कदम रखा

पुणे। यू मुंबा ने अपने हरफनमौला खेल की बदौलत बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 122वें मैच में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को 43-37 के अंतर से हराकर अंक तालिका में पांचवां स्थान हासिल कर प्लेआफ के दरवाजे पर मजबूती से कदम रख दिया है। अंतिम समय में वापसी के दम पर इस मैच से एक अंक लेकर पटना ने हालांकि फिर से दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। मुंबा की जीत में अजीत चव्हाण (15) और कप्तान सुनील (5) हीरो बनकर उभरे। पटना के लिए देवांक ने देर से ही सही लेकिन 12 अंक बटोरे। पटना को 21 मैच में सातवीं हार मिली जबकि मुंबा को 20 मैच में 11वीं जीत मिली। मंजीत के कुछ बेहतरीन रेड्स की बदौलत यू मुंबा ने दूसरे मिनट में ही 4-1 की लीड क साथ पटना को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। अयान ने उसे इस स्थिति से निकाला और फिर अंकित ने अजीत को लपक स्कोर 3-4 कर दिया। इसके बाद रोहित ने रेड और डिफेंस में अंक लेकर मुंबा को 3 की लीड दिला दी। सुपरसब सुधाकर ने हालांकि डू ओर डाई रेड पर मुंबा के डिफेंस से गलती करा दी लेकिन अजीत ने सुपर रेड के साथ पटना का पुलिंदा बांध दिया। फिर मुंबा ने आलआउट लेकर 12-5 की लीड ले ली। आलइन के बाद पटना ने लगातार दो अंक लेकर 10 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 7-13 कर दिया। ब्रेक के बाद मुंबा ने इसका जवाब लगातार दो अंक से दिया लेकिन देवांक ने मल्टीप्वाइंटर के साथ हिसाब बराबर किया। मुंबा का डिफेंस देवांक और अयान को खुलकर नहीं खेलने दे रहा था। यही कारण था कि 15 मिनट के खेल के बाद मुंबा 20-12 से आगे थे। पटना का डिफेंस हालांकि बेहतर कर रहा था। इस बीच मुंबा ने डू ओर डाई रेड पर रेड तथा डिफेंस मे अंक लिए और फिर अजीत ने मल्टीप्वाइंटर के साथ हाफटाइम तक मुंबा को 24-14२ की लीड दिला दी। पटना के लिए हालांकि सुपर टैकल आन था। हाफटाइम के बाद अजीत ने मल्टीप्वाइंटर के साथ सुपर-10 पूरा कर पटना को आलआउट की कगार पर ला दिया। अगली रेड पर अजीत ने अयान और गुरदीप के खिलाफ असाधारण प्रदर्शन के दम पर पटना को आलआउट कर मुंबा को 31-17 की लीड दिला दी। मुंबा का डिफेंस गरज रहा था। देवांक के खिलाफ लोकेश के एंकल होल्ड से तो यह साबित हो गया। पटना ने वापसी की राह पकड़ी और 30 मिनट के बाद स्कोर 25-35 कर दिया। मुंबा के लिए सुपर टैकल आन था। सुधाकर गए और लपक लिए गए। इसके बाद मुंबा के डिफेंस ने देवांक को भी लपक लिया। अजीत ने फिर डू ओर डाई पर अंक लेकर स्कोर 39-25 कर दिया। अगली रेड पर हालांकि मुंबा के डिफेंस से गलती करा दो अंक ले लिए लेकिन फिर सुपर टैकल कर लिए गए। इसके बाद हालांकि पटना फिर से मुंबा को सुपर टैकल और फिर आलआउट की ओर ले आए लेकिन अजीत ने उसे बचा लिया। पटना ने हालांकि जल्द ही आलआउट लेकर स्कोर 35-42 कर दिया। आलइन के बाद रोहित ने एक अंक लिया और पटना की हार तय कर प्लेआफ के दरवाजे पर कदम रख दिया।



## अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को रिकार्ड 232 रनों से हराया



प्रात : किरण/ एजेंसी

हरारे। सेदिकुल्लाह अटल (104) की शतकीय और अब्दुल मलिक (84) की अर्धशतकीय पारियों के बाद ए एम गजनफर और नवीद जदरान (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने गुरुवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को रिकार्ड 232 रनों से शिकस्त दी। इसी के साथ अफगानिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। पहला एकदिवसीय मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था।

अफगानिस्तान के 286 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 11 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। इसके बाद सिकंदर रजा और शॉन विलियम्स की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में गजनफर ने शॉन विलियम्स (16) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाजी अफगानिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका। जिम्बाब्वे की पूरी टीम 17.5 ओवर में 54 के स्कोर पर सिमट गई। सिकंदर रजा (19) रन बनाकर नाबाद रहे।

अफगानिस्तान की ओर से ए एम गजनफर और नवीद जदरान ने तीन-तीन विकेट लिये। फजलहक फारूकी को दो विकेट मिले। अजमतउल्लाह ओमरजई ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को जीत के लिए 287 रनों का लक्ष्य दिया था। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल और अब्दुल मलिक की सलामी जोड़ी बेहतरीन शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिये 191 रनों की साझेदारी की।

35वें ओवर में एन न्याम्हुरी ने अब्दुल मलिक (84) को बोल्ड कर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने अजमतउल्लाह ओमरजई (पांच) को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। तीसरे विकेट के रूप में रहमत शाह (एक) रन बनाकर आउट हुये। 43वें ओवर में एन न्याम्हुरी ने सेदिकुल्लाह अटल को भी अपना शिकार बना लिया। सेदिकुल्लाह अटल ने 128 गेंदों में आठ चौके और चार छक्कों की मदद से 104 रनों की पारी खेली। 49वें ओवर में मोहम्मद नबी (18) रन बनाकर आउट हुये। आखिरी ओवर में इकराम अलीखिल (पांच) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी (29) रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्ता ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 286 का स्कोर खड़ा किया। जिम्बाब्वे की ओर से एन न्याम्हुरी ने तीन विकेट लिये। ट्रेवर ग्वांडू ने दो बल्लेबाज को आउट किया।



## गुजरात जाएंट्स को चार बार आलआउट कर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचे यूपी योद्धाज

प्रात : किरण/ एजेंसी

पुणे। यूपी योद्धाज ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 121वें मैच में गुजरात जाएंट्स को 59-23 के अंतर से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। शीर्ष-2 में रहते हुए सीधे सेमीफाइनल खेलने का इरादा रखने वाली यूपी को बुधवार को पटना पाइरेट्स की जीत के साथ प्लेआफ का टिकट मिल गया था। यूपी ने 21 मैचों में 12वीं जीत दर्ज की और इसमें गगन गौड़ा (19) और भवानी राजपूत (10) का अहम योगदान रहा। दूसरी ओर, प्लेआफ की दौड़ से पहले ही बाहर रो चुकी गुजरात को 20 मैचों में 13वीं हार मिली। इस टीम के लिए सिर्फ जीतेंद्र यादव (6) ने डिफेंस में प्रभावित किया। यूपी ने रेड में 18 के मुकाबले 31 और डिफेंस में 7 के मुकाबले 18 अंक लिए। बहरहाल, दोनों टीमों ने रेड प्वाइंट्स के साथ शुरूआत की लेकिन दूसरे मिनट में राकेश ने सुपर रेड के साथ गुजरात को 4-1 की लीड दिला दी। गगन ने सुपर रेड के साथ इसका जवाब दिया और गुजरात को आगे कर दिया। इसके बाद हालांकि यूपी ने लगातार दो अंक लेकर यूपी को 6-5 की लीड दिला दी। 7-6 के स्कोर पर यूपी ने गुजरात के लिए सुपर टैकल आन कर दिया।

## ऑस्ट्रेलियाई पुरुष घरेलू वन डे कप का नाम डीन जोन्स ट्रॉफी रखा गया

प्रातः किरण/ एजेंसी, मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष घरेलू वन डे कप का नाम डीन जोन्स ट्रॉफी रखा गया है, जो उस खिलाड़ी के सम्मान में होगा जिसने सीमित ओवरों के खेल में क्रांति ला दी थी। इस वर्ष की शुरुआत में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के डिजिटल प्लेटफार्मों पर एक अभियान शुरू किया गया था, जिसमें टूर्नामेंट का नाम रखने के लिए खिलाड़ियों की एक सूची बनाई गई थी, जिसमें जोन्स, माइकल बेवन और एंड्रयू साइमंड्स शामिल थे, जिनका मूल्यांकन ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट हॉल ऑफ फेम समिति द्वारा किया गया था। पुरस्कार के लिए मुख्य मानदंडों में पुरुषों की एक दिवसीय प्रतियोगिता में उनका रिकॉर्ड, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी होना और 50 ओवर के प्रारूप का पर्याय बनने वाला खिलाड़ी होना शामिल था।

## अश्विन ने थलपति विजय स्टाइल में सुंदर को बैटन सौंपी

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद रविचंद्रन अश्विन को मिल रही ढेरों शुभकामनाओं के बीच, उन्होंने साथी ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को इस तरह से शुभकामनाएं दीं, जो भारतीय क्रिकेट में बैटन पास करने जैसा लग रहा था। बुधवार को, गाबा में ड्रॉ पर समाप्त हुए तीसरे टेस्ट के बाद अश्विन द्वारा संन्यास की घोषणा करने के तुरंत बाद, सुंदर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर उन्हें नमन करते हुए कहा, सिर्फ एक टीम के साथी से कहीं ज्यादा, आप एक प्रेरणा रहे हैं, ऐशअन्ना। आपके साथ मैदान और ड्रेसिंग रूम साझा करना सम्मान की बात है। तमिलनाडु के एक ही राज्य से होने के कारण, मैं आपको चेपॉक के नजदीकी कोनों से खेलते हुए और आपके साथ खेलते हुए देखकर बड़ा हुआ हूं। हर पल एक विशेषाधिकार रहा है। मैदान पर और मैदान के बाहर, दोनों जगह से मिली सीख कुछ ऐसी है जिसे मैं हमेशा अपने साथ रखूंगा। आपको आगे जो भी मिले उसमें सफलता और खुशी की कामना करता हूं। जवाब में अश्विन ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट से लिखा, थुप्पाकिया पुडिंगा वाशी! उस रात गेट-टुगेदर में आप जो 2 मिनट बोले, वो सबसे बेहतरीन थे। अश्विन ने सुंदर से जो पहली लाइन कही, वो तमिल सुपरस्टार विजय की हालिया फिल्म ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम का एक मशहूर डायलॉग है, जिसे अभिनेता शिवकार्तिकियन के साथ उनके एक सीन में इस्तेमाल किया गया था। अश्विन के बाद के दौर में भारत के लिए स्पिन-गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालने के लिए सभी विकल्पों में से, उनके साथी चेन्नई निवासी सुंदर ही उनके लिए सबसे उपयुक्त विकल्प प्रतीत होते हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि वर्तमान भारतीय कोचिंग सेटअप के लिए सुंदर स्पिन-गेंदबाजी के लिए पसंदीदा विकल्प हैं। इसका एक उदाहरण पर्थ में पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के लिए अश्विन और रवींद्र जडेजा से आगे सुंदर को चुना जाना है, और उन्होंने दूसरी पारी में दो विकेट लिए, जबकि बल्ले से चार और 29 रन बनाए, जिससे भारत 295 रनों से जीत गया। अब तक सुंदर ने अपने सात टेस्ट मैचों में 24 विकेट लिए हैं और 387 रन बनाए हैं।



**जीत** भारत ने इससे पहले रिचा और स्मृति की पारियों से चार विकेट पर 217 रन बनाए जो इस प्रारूप में टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

# भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 60 रनों से हराया

प्रात : किरण/ एजेंसी








नवी मुंबई। रिचा घोष (54) ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 गेंद में सबसे तेज अर्धशतक के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (77) ने भी अर्धशतक जड़ा जिससे भारत ने बृहस्पतिवार को यहां तीसरे और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 60 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। भारतीय महिला टीम ने अक्टूबर 2019 के बाद घरेलू सरजमीं पर पहली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती है। भारत के 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम नौ विकेट पर 157 रन ही बना सकी। चिनेल हेनरी 16 गेंद में चार छक्कों और तीन चौकों से 43 रन बनाकर टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि डिएंड्रा डोटिन (25) और कप्तान हेली मैथ्यूज (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। मेजबान टीम की तरफ से स्पिनर राधा यादव ने 29 रन देकर चार विकेट चटकाए। भारत ने इससे पहले रिचा और स्मृति की पारियों से चार विकेट पर 217 रन बनाए जो इस प्रारूप में टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इस प्रारूप में इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ स्कोर पांच विकेट पर 201 रन था जो उसने इसी साल एशिया कप में यूएई के खिलाफ बनाया था। इक्कीस साल की रिचा ने 21 गेंद की अपनी पारी में पांच छक्के और तीन चौके मारे जबकि स्मृति ने47 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके और एक छक्का जड़ा। रिचा ने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन और ऑस्ट्रेलिया की फोएबे लिचफील्ड के सबसे तेज अर्धशतक अर्धशतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। स्मृति ने श्रृंखला का लगातार तीसरा और साल का आठवां अर्धशतक जड़ते हुए इस साल टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप की सबसे सफल बल्लेबाज बनी। उनके नाम इस साल 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 763 रन दर्ज हैं। स्मृति ने सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू को पीछे छोड़ा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्टइंडीज ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कोई बड़ी साझेदारी नहीं कर पाई। डोटिन और मैथ्यूज ने अच्छी शुरूआत के बाद अपने विकेट गंवाए। मैथ्यूज को स्पिनर राधा यादव ने सजीवन सजना के हाथों कैच कराया जबकि डोटिन ने टिटास साधु की गेंद पर राधा को कैच थमाया। हेनरी ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए वेस्टइंडीज की उम्मीद जगाई। उन्होंने 14वें ओवर में दीप्ति शर्मा की लगातार गेंदों पर चौका और दो छक्के मारे। रेणुका सिंह ने हालांकि अगले ओवर में हेनरी को राघवी बिष्ट के हाथों कैच कराके वेस्टइंडीज को बड़ा झटका दिया। वेस्टइंडीज को अंतिम पांच ओवर में 85 रन की दरकार थी लेकिन टीम लक्ष्य से काफी दूर रही। इससे पहले दूसरे टी20 में पर्याप्त स्कोर बनाने के नाकाम रहने के बाद भारत ने निर्णायक मुकाबले में शुरूआत से ही लगभग 10 रन प्रति ओवर की गति से रन बनाए। टीम ने पहले ओवर में ही उमा छेत्री (00) का विकेट गंवा दिया जो चिनेल हेनरी (14 रन पर एक विकेट) का शिकर बनीं। स्मृति ने जेमिमा रोड्रिग्स (28 गेंद में 39 रन, चार चौके) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 गेंद में 98 रन की साझेदारी करके पारी को संवारा। जेमिमा ने भी धीमी की शुरूआत के बाद कुछ आकर्षक शॉट खेले। ऐफी फ्लेचर (25 रन पर एक विकेट) ने जेमिमा को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए राघवी बिष्ट (22 गेंद में नाबाद 31 रन, दो चौके, एक छक्का) ने अपने दूसरे ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में छाप छोड़ी। उन्होंने करिश्मा रामहरक पर छक्के के रूप में अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय बाउंड्री लगाई और विकेट के दोनों तरफ रन बनाए। स्मृति हालांकि एक बार फिर शतक से चूक गई। उन्होंने 15वें ओवर में डिएंड्रा डोटिन (54 रन पर एक विकेट) की गेंद पर हेनरी को कैच थमामया। भारत ने इसके बाद आक्रामक बल्लेबाज रिचा को दीप्ति शर्मा से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा और उन्होंने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई तथा यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में मौजूद 40 हजार से अधिक दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मैयट में आए विनाशकारी तूफान के कारण 23 दिसंबर को राष्ट्रीय शोक की घोषणा

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कहा कि फ्रांसीसी विदेशी विभाग मैयट को प्रभावित करने वाले विनाशकारी चक्रवात चिडो के संबंध में देश में 23 दिसंबर को राष्ट्रीय शोक घोषित किया जाएगा। इससे पहले गुरुवार को श्री मैक्रों मैयट पहुंचे, जहां वह शुक्रवार तक रहेंगे। श्री मैक्रॉन ने गुरुवार को एक्स पर कहा, मैं सोमवार, 23 दिसंबर को राष्ट्रीय शोक की घोषणा करूंगा। हमारे झंडे झुकाए जाएंगे। उसी समय, फ्रांसीसी सार्वजनिक क्षेत्र के पुनबीर्मांकर्ता सीसीआर ने कहा कि मैयट में प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान पर बीमाकर्ताओं को 65 से 80 करोड़ यूरो का खर्च आएगा। बीएफएमटीवी ब्रॉडकास्टर ने बुधवार को बताया कि मैयट में चक्रवात चिडो से मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है, जबकि अन्य 1,400 लोग घायल हो गए हैं।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 25 बच्चों समेत 102 रोहिंग्याओं को बचाया

कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने उत्तरपूर्वी तट के निकट समुद्र क्षेत्र में संकट में फंसे म्यामां के 25 बच्चों सहित 100 से अधिक रोहिंग्याओं को बचाया है। स्थानीय मछुआरों ने इन लोगों को बृहस्पतिवार को मुल्लईतिवु जिले के वेल्ला मुल्लीवैक्कल क्षेत्र में देखा था। कयास लगाए जा रहे थे कि ये लोग ऑस्ट्रेलिया या इंडोनेशिया जा रहे हैं। नौसेना के प्रवक्ता ने इस पर कहा, हमें अभी नहीं पता कि वे समुद्र में संकट में कैसे फंसे और वे कहां जा रहे थे। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा, वे मछली पकड़ने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक नाव पर सवार थे। नाव में कुल 102 लोग सवार थे, जिनमें 25 बच्चे और 40 महिलाएं शामिल हैं। इनमें एक महिला गर्भवती भी थी। नौसेना ने कहा कि उन्हें त्रिंकोमाली लाया गया है, जहां आगे की कार्रवाई की जाएगी। नौसेना ने इसी तरह दिसंबर 2022 में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में 100 से अधिक रोहिंग्याओं को बचाया था।

### सीरिया में लगभग दो हजार अमेरिकी सैनिक तैनात

दमिश्क। सीरिया में 900 अमेरिकी सैनिकों की तैनाती की जानकारी गलत है और अद्यतन आंकड़ों के अनुसार सीरिया में अमेरिकी सैनिकों की संख्या लगभग 2,000 है। पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने यह जानकारी दी। श्री राइडर ने गुरुवार को एक ब्रीफिंग के दौरान कहा, जैसा कि आप जानते हैं हम आपको नियमित रूप से जानकारी देते रहे हैं कि सीरिया में लगभग 900 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। सीरिया की स्थिति और महत्वपूर्ण रुचि के मद्देनजर, हमें हाल ही में पता चला कि वे संख्याएँ अधिक थीं और इसलिए हमने इस पर गौर करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मुझे आज पता चला कि वास्तव में सीरिया में लगभग 2,000 अमेरिकी सैनिक हैं... इन अतिरिक्त बलों को अस्थायी घूर्णी बल माना जाता है... लंबी अवधि की तैनाती पर कोर 900 तैनातीकर्ता कहां है... ये बल असद शासन के पतन से पहले वहां थे।

### ईयू के पूर्व व्यापार आयुक्त मैंडेलसन अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत होंगे

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर यूरोपीय संघ (ईयू) के पूर्व व्यापार आयुक्त पीटर मैंडेलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का नया राजदूत नियुक्त करेंगे। द टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है। सूत्रों ने बताया कि 71 वर्षीय मैंडेलसन के पास व्यापार और नेटवर्किंग का अनुभव है, जिससे अमेरिका-ब्रिटेन संबंधों को बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। बताया जाता है कि उन्हें पूर्व विदेश सचिव डेविड मिलिबैंड और पूर्व-ईयू नीति प्रमुख कैथरीन एश्टन जैसे अन्य उम्मीदवारों के मुकाबले चुना गया है। अपने राजनीतिक करियर के दौरान, भावी राजदूत ने कई महत्वपूर्ण सरकारी पदों पर काम किया है, जिनमें ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री गॉर्डन ब्राउन के अधीन व्यापार सचिव और प्रभावी उप प्रधानमंत्री तथा 2004 से 2008 तक व्यापार के लिए यूरोपीय आयुक्त शामिल हैं।

### अमेरिका ने लंबी दूरी की 131 टॉमहॉक मिसाइलों की आपूर्ति के लिए अनुबंध पर किये हस्ताक्षर

मॉस्को। अमेरिका ने 131 टॉमहॉक लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों की खरीद के लिए 40 करोड़ डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। जिनमें से 42 मिसाइलें अमेरिकी सशस्त्र बलों के लिए और 78 जापान के लिए हैं। अमेरिका के रक्षा विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने गुरुवार को एक बयान में कहा, ह्लरेथियॉन कंपनी, टक्सन, एरिजोना को 131 पूर्ण दर उत्पादन ब्लॉक वी टैक्टिकल टॉमहॉक ऑल अप राउंड मिसाइलों की खरीद के लिए फर्म-निर्धारित मूल्य से अधिक का अनिश्चित अनुबंध दिया गया है।

# 1971 से आगे बढ़ने का समय - शहबाज शरीफ से मुलाकात के दौरान यूनुस का उमड़ा 'पाकिस्तान प्रेम'

प्रात: किरण/एजेंसी

इस्लामाबाद। काहिरा में विकासशील देशों के डी-8 शिखर सम्मेलन के दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के नेता मोहम्मद यूनुस ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से मुलाकात की। यूनुस ने मुलाकात के दौरान 1971 में इस्लामाबाद से ढाका के अलग होने से जुड़ी शिकायतों को हल करने की इच्छा जताई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूनुस ने पीएम शहबाज से कहा, ये मुद्दे बार-बार सामने आते रहे हैं। आइए हम इन मुद्दों को सुलझा लें ताकि हम आगे बढ़ सकें। पाकिस्तान पीएमओ की ओर से जारी एक बयान में कहा गया प्रधानमंत्री शहबाज ने डॉ. यूनुस के साथ बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग, विशेष रूप से व्यापार, लोगों के बीच संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की पाकिस्तान की गहरी इच्छा व्यक्त की। 1971 के युद्ध से पहले तक बांग्लादेश पाकिस्तान का हिस्सा था और इसे ईस्ट पाकिस्तान के नाम से जाना जाता था। बांग्लादेश के जन्म के बाद से पहले शेख मुजीबुर्रहमान और उनकी बेटी शेख हसीना के नेतृत्व में ढाका ने नई दिल्ली के साथ करीबी रिश्ते स्थापित किए। हालांकि अगस्त में हसीना के सत्ता छोड़ने को मजबूर होने के बाद से देश में भारत विरोधी भावनाएं जोर पकड़ रही हैं। बांग्लादेश में आवामी लीग की



सरकार जाने के बाद से अल्पसंख्यकों को विशेष तौर पर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया। मोहम्मद युनूस के नेतृत्व में स्थापित अंतरिम सरकार पर अल्पसंख्यकों को सुरक्षा न दे पाने के आरोप लगते रहे हैं। पिछले दिनों हसीना ने न्यूयॉर्क में अवामी लीग के एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों और अल्पसंख्यकों के अन्य धार्मिक स्थलों को कथित रूप से निशाना बनाने के लिए अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की तीखी आलोचना की थी। पूर्व पीएम ने कहा था, आज मुझ पर सामूहिक हत्याओं का आरोप लगाया गया है। वास्तव में, यह मोहम्मद यूनुस हैं जो अपने स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर के साथ मिलकर एक सोची-समझी योजना के तहत सामूहिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार हैं। वह ही मास्टरमाइंड हैं। हसीना ने कहा, शिक्षकों और पुलिस पर हमला किया जा रहा है और उनकी हत्या की जा रही है। हिंदुओं, ईसाइयों और बौद्धों पर हमला किया जा रहा है। कई चर्चों और मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। अल्पसंख्यकों पर हमला क्यों किया जा रहा है ?

# यूएन चीफ ने इजरायल से सीरिया की संप्रभुता क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन को रोकने का आग्रह किया

**समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गुटेरेस ने सीरिया पर इजरायल के व्यापक हवाई हमलों की निंदा की, जिसका उद्देश्य रणनीतिक हथियारों और सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था और सीरिया और इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स के बीच एक असैन्य क्षेत्र में इसके सैनिकों का प्रवेश था।**

प्रात: किरण/एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इजरायल से सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन बंद करने का आग्रह किया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गुटेरेस ने सीरिया पर इजरायल के व्यापक हवाई हमलों की निंदा की, जिसका उद्देश्य रणनीतिक हथियारों और सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था और सीरिया और इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स के बीच एक असैन्य क्षेत्र में इसके सैनिकों का प्रवेश था। उन्होंने कहा कि वह सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन हैं और उन्हें रोकना चाहिए। मैं स्पष्ट कर दूं कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के अलावा अलगाव के क्षेत्र में कोई सैन्य बल नहीं होना चाहिए। और उन शांति सैनिकों को अपने महत्वपूर्ण कार्य को करने के लिए आवागमन की स्वतंत्रता होनी चाहिए। गुटेरेस ने इस बात पर जोर दिया कि इजरायल और सीरिया को 1974 के सेना विघटन समझौते



की शर्तों को बनाए रखना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने संवाददाताओं से कहा कि यह एक निर्णायक क्षण है झ्र आशा और इतिहास का क्षण, लेकिन साथ ही बहुत अनिश्चितता का भी क्षण है। कुछ लोग अपने संकीर्ण उद्देश्यों के लिए स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। लेकिन, अंतरराष्ट्रीय समुदाय का यह दायित्व है कि वह सीरिया के लोगों के साथ खड़ा हो, जिन्होंने बहुत कुछ सहा है। इस महीने की शुरूआत में सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल करने वाले विद्रोही हमले के बाद से इजरायल ने सैकड़ों हवाई हमले किए हैं, जिनके बारे में उसका कहना है कि उनका उद्देश्य सामरिक हथियारों और सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करना है। इजरायली सैनिक सीरिया और इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स के बीच एक असैन्य क्षेत्र में भी चले गए हैं। जिसे 1973 के अरब-इजरायल युद्ध के बाद बनाया गया था। जिसकी गश्त संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों द्वारा की जाती है। इजरायली अधिकारियों ने इस कदम को इजरायल की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सीमित और अस्थायी उपाय बताया है, लेकिन इस बात का कोई संकेत नहीं दिया है कि सैनिकों को कब वापस बुलाया जा सकता है ह्लेग में लापता व्यक्तियों पर अंतर्राष्ट्रीय आयोग ने कहा है कि उसे डेटा प्राप्त हुआ है, जो दशार्ता है कि सीरिया में 66 से अधिक, अभी तक सत्यापित नहीं किए गए, सामूहिक कब्र स्थल हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र और सीरियन नेटवर्क फॉर ह्यूमन राइट्स सहित अंतर्राष्ट्रीय और सीरियाई संगठनों के अनुसार, 150,000 से अधिक लोग लापता माने जाते हैं। 2011 में शांतिपूर्ण लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों पर असद द्वारा की गई हिंसक कार्रवाई के कारण गृहयुद्ध हुआ था। लाखों लोग सीरिया से भाग गए और लाखों लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए था।

# यूक्रेन मुद्दे पर डोनाल्ड ट्रम्प से किसी भी समय बातचीत को तैयार पुतिन

प्रात: किरण/एजेंसी

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध पर वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत करने को तैयार हैं। पुतिन ने कहा कि चूंकि युद्ध खत्म करने के लिए रूस और यूक्रेन दोनों को समझौता करना होगा। इसके लिए कोई शर्त नहीं है। दरअसल, एक बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कार्यालय में आने के कुछ ही घंटों के भीतर वो यूक्रेन शांति समझौता कराने की बात कही थी। इसी को लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साल की आखरिी प्रेस कांफ्रेंस



में कहा कि वो अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ किसी भी समय बातचीत के लिए तैयार हैं। पुतिन ने आगे कहा कि रूस इस समय 2022 से ज्यादा मजबूत स्थिति में है। यूक्रेन में रूसी सेना आगे बढ़ रही है, बावजूद इसके वह वार्ता और समझौते के लिए तैयार हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुतिन ने यह भी स्वीकार किया कि यूक्रेन में लड़ाई जटिल है लेकिन रूसी सेना यूक्रेनी सशस्त्र बलों को कुर्स्क क्षेत्र से जरूर बाहर निकाल देगी। उन्होंने कहा कि हमारे लोग लड़ रहे हैं। अभी लड़ाई चल रही है और गंभीर लड़ाई चल रही है। निश्चित रूप से हमारी सेना उन्हें बाहर निकाल देगी, इसके अलावा कोई रास्ता नहीं है।

# पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को समर्थन न देना पुरानी नीति : अमेरिका

प्रात: किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को समर्थन देने से इनकार करना वाशिंगटन की पुरानी नीति है। यह टिप्पणी बाइडन प्रशासन की ओर से पाकिस्तान सरकार के स्वामित्व वाली प्रमुख एयरोस्पेस और रक्षा एजेंसी- राष्ट्रीय विकास परिसर (एनडीसी) पर प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद आई है।



विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्यह्यहम इनकार पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के संबंध में हमारी चिंताओं पर आधारित हैं, लेकिन इनसे अन्य क्षेत्रों में अमेरिका और पाकिस्तान के बीच मौजूद व्यापक सहयोग प्रभावित नहीं होता। अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में योगदान देने के आरोप में चार पाकिस्तानी कंपनियों पर बुधवार को प्रतिबंध लगाया था। इनमें इस्लामाबाद स्थित एनडीसी के अलावा कराची स्थित अख्तर एंड संस प्राइवेट लिमिटेड, एफिलिएट्स इंटरनेशनल और रॉकसाइड एंटरप्राइज शामिल हैं।

एक सवाल के जवाब में पटेल ने कहा, अमेरिका वैश्विक परमाणु अप्रसार व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और पाकिस्तान इसमें एक महत्वपूर्ण भागीदार है। हालांकि, हम पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के बारे में अपनी चिंताओं के बारे में स्पष्ट और सुसंगत रहे हैं।

पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को समर्थन देने से इनकार करना अमेरिका की पुरानी नीति रहा है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, विदेश विभाग हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए प्रतिबंधों और अन्य उपायों का इस्तेमाल करना जारी रखेगा। विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि प्रसारक अमेरिकी निर्यातकों और वित्तीय प्रणालियों का दुरुपयोग न कर सकें। हमें उम्मीद है कि हम इन मुद्दों पर पाकिस्तान सरकार के साथ रचनात्मक बातचीत जारी रखेंगे।

### नेपाल सुप्रीम कोर्ट का सरकारी रिकार्ड से जनयुद्ध शब्द हटाने का आदेश

काठमांडू। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने जनयुद्ध शब्द को असंवैधानिक करार देते हुए सरकारी अभिलेखों और दस्तावेजों से इसे हटाने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह अहम फैसला गुरुवार को सुनाया। नेपाल में माओवादी अपने 10 वर्ष के सशस्त्र द्वंद्व काल को जनयुद्ध कहते हैं। इन्होंने सत्ता में रहते हुए बजट सहित अन्य सरकारी कामकाज में इस शब्द का इस्तेमाल है। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश प्रकाशमान सिंह राउत की अध्यक्षता वाली सात जजों की संवैधानिक बेंच ने फैसले में जनयुद्ध शब्द को असंवैधानिक करार दिया। साथ ही अब तक जितने भी सरकारी अभिलेख और दस्तावेजों में इस शब्द का इस्तेमाल किया गया है उसे रिकॉर्ड से हटाने का आदेश दिया। संवैधानिक बेंच ने फैसले में कहा कि नेपाल का संविधान जनयुद्ध शब्द को अंगीकार नहीं करता है।

# नाइजीरिया के एक मेले में भीड़ के कुचले जाने से 35 बच्चों की मौत

**पुलिस ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में कार्यक्रम का मुख्य प्रायोजक भी शामिल है।**

प्रात: किरण/एजेंसी

अबुजा (नाइजीरिया)। दक्षिण पश्चिम नाइजीरिया में बुधवार को एक मनोरंजन मेले में भीड़ के कुचलने से कम से कम 35 बच्चों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ओयो राज्य पुलिस के प्रवक्ता ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इबादान शहर के इस्लामिक स्कूल में हुई घटना में कथित संलिप्तता के लिए आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में कार्यक्रम का मुख्य प्रायोजक भी शामिल है। स्थानीय रेडियो स्टेशन एगिडिग्बो एफएम के अनुसार, मार्गदर्शन और समर्थन की आवश्यकता वाली महिलाओं (विंग) के रूप में पहचाने जाने वाले कार्यक्रम के आयोजकों को मुफ्त कार्यक्रम में 13 वर्ष से कम उम्र के पांच हजार बच्चों की मेजबानी करने की उम्मीद है, जहां वे छात्रवृत्ति जैसे पुरस्कार जीत सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने एक प्रवक्ता के बयान के जरिये इस घटना के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। बयान में कहा गया शोक की इस घड़ी में राष्ट्रपति टीनुबू प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और प्रार्थना करते हैं कि सर्वशक्तिमान ईश्वर इस घटना में दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान करें। राष्ट्रपति



ने ओयो राज्य सरकार से इसी तरह की त्रासदी को होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी आग्रह किया। ओयो राज्य के गवर्नर सेई माकिंडे ने कहा कि यह बहुत दुखद दिन है। श्री माकिंडे ने फेसबुक पर पोस्ट किया ह्लहमें उन माता-पिता से सहानुभूति है जिनकी खुशियां इन मौतों के कारण अचानक मातम में बदल गई हैं।

पुलिस ने कहा कि मामला राज्य के आपराधिक जांच विभाग की हत्या अनुभाग को स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा ओयो राज्य पुलिस कमान त्रासदी से प्रभावित सभी परिवारों और प्रियजनों के प्रति सहानुभूति रखती है और राज्य के अच्छे लोगों को आश्वासन देती है कि तदनुसार न्याय किया जाएगा ह्लपुलिस और सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, वर्ष 2022 में दक्षिणपूर्वी शहर पोर्ट हरकोर्ट में एक चर्च कार्यक्रम में भीड़ के कुचलने से मारे गए 30 लोगों में कई बच्चे भी शामिल थे।

# अमेरिकी विमानन ने न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क में ड्रोन उड़ानों पर लगाया प्रतिबंध

प्रात: किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के विमानन अधिकारियों ने पूर्वी अमेरिका में अज्ञात ड्रोन देखे जाने के बाद न्यू जर्सी प्रांत में 22 और न्यूयॉर्क प्रांत में 29 बुनियादी ढांचा स्थलों पर ड्रोन के उपयोग पर 30 दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। बीबीसी की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिबंध न्यू जर्सी और अन्य राज्यों में कई सप्ताह तक अज्ञात ड्रोन देखे जाने के बाद लगाया गया है। इन अज्ञात मानवरहित हवाई जहाज की बढ़ती गतिविधियों से स्थानीय लोगों में चिंता पैदा हो गई है। फिलहाल, अधिकारियों ने स्पष्ट उत्तर नहीं दिये हैं।

एफएए ने कहा कि कानून प्रवर्तन एवं आपदा प्रतिक्रिया मिशन जैसी कुछ एजेंसियां प्रतिबंधों में शामिल नहीं हैं। कुछ वाणिज्यिक ड्रोन संचालन को कुछ प्रतिबंधों के तहत अनुमति दी जाती है,



लेकिन ऑपरेटरों को एक वैध कार्य विवरण और एक स्वीकृत विशेष सरकारी हित हवाई क्षेत्र छूट प्राप्त करनी होगी। न्यू जर्सी प्रतिबंध की घोषणा के कुछ घंटों बाद, न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि उनके राज्य में भी इसी तरह के प्रतिबंध लगाए जाएंगे। उन्होंने गुरुवार शाम एक बयान में कहा मैंने आतंरिक सुरक्षा मंत्री अलेजांद्रो मयोरकास से कई बार बात की है और मुझे अभी बताया गया कि उन्होंने संघीय साझेदारों के साथ समन्वय किया है और एफएए न्यूयॉर्क के कुछ महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे स्थलों पर अस्थायी उड़ान प्रतिबंध देने की योजना बना रहा है।

**जानकारी** यूक्रेन की सैन्य खुफिया सेवा ने यह जानकारी दी है। ऐसी खबरें हैं कि उत्तर कोरियाई सेना को युद्ध में भारी नुकसान हुआ है।


# उत्तर कोरियाई सैनिकों ने यूक्रेनी ड्रोनों के खिलाफ निगरानी चौकियां बनाईं : कीव

**यूक्रेन की रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईयू) ने मंगलवार को अपनी वेबसाइट पर यह खुलासा किया, जब अमेरिका ने पहली बार पुष्टि की कि यूक्रेन के खिलाफ रूसी सेना के साथ-साथ उत्तर कोरिया को भी काफी नुकसान हुआ है। डीआईयू के बयान में कहा गया है, गंभीर नुकसान झेलने के बाद, डीपीआरके (उत्तर कोरिया) की इकाइयों ने यूक्रेन के सुरक्षा और रक्षा बलों के ड्रोन का पता लगाने के लिए अतिरिक्त निगरानी चौकियां स्थापित करनी शुरू कर दी। उसने बताया कि पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्र कुर्स्क में रूस अब भी उत्तर कोरियाई सैनिकों का उपयोग कर रहा है।**

प्रात: किरण, एजेंसी

सोल। यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई के लिए रूस भेजे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों ने यूक्रेनी ड्रोनों का पता लगाने के लिए और अधिक निगरानी चौकियां स्थापित की हैं। यूक्रेन की सैन्य खुफिया सेवा ने यह जानकारी दी है। ऐसी खबरें हैं कि उत्तर कोरियाई सेना को युद्ध में भारी नुकसान हुआ है।

यूक्रेन की रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईयू) ने मंगलवार को अपनी वेबसाइट पर यह खुलासा किया, जब अमेरिका ने पहली बार पुष्टि की कि यूक्रेन के खिलाफ रूसी सेना के साथ-साथ उत्तर कोरिया को भी काफी नुकसान हुआ है। डीआईयू के बयान में कहा गया है, गंभीर नुकसान झेलने के बाद, डीपीआरके (उत्तर कोरिया) की इकाइयों ने यूक्रेन के सुरक्षा और रक्षा बलों के ड्रोन का पता लगाने के लिए अतिरिक्त निगरानी चौकियां स्थापित करनी शुरू कर दी। उसने बताया कि पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्र कुर्स्क में रूस अब भी उत्तर कोरियाई सैनिकों का उपयोग कर रहा है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कुर्स्क क्षेत्र में उत्तर कोरियाई सेना के कर्मियों द्वारा लगातार हमला करने वाले समूहों का जमा होना यह दशार्ता है कि मास्को आक्रामक कार्रवाइयों की गति को खोना नहीं चाहता है। उसने कहा कि उत्तर कोरियाई सैनिक मोर्चे पर अपनी पहचान के लिए लालफीताशाही का



**● योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कुर्स्क क्षेत्र में उत्तर कोरियाई सेना के कर्मियों द्वारा लगातार हमला करने वाले समूहों का जमा होना यह दशार्ता है कि मास्को आक्रामक कार्रवाइयों की गति को खोना नहीं चाहता है।**

इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को बताया कि रूस भेजे गए कम से कम 100 उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए हैं। वहीं, करीब 1,000 के घायल होने का अनुमान है।

राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने मरने वालों में ज्यादातर के लिए इस तथ्य को जिम्मेदार ठहराया कि उत्तर कोरियाई सैनिकों का ड्रोन के साथ उनके अनुभव की कमी के कारण ह्लअपरिचित युद्धक्षेत्रों में अग्रिम पंक्ति के हमलावर बलों के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इसमें यह भी कहा गया है कि रूस की सेना ने शिकायत की है कि ड्रोन के बारे में उनकी अज्ञानता के कारण उत्तर कोरियाई सैनिक बोझ हैं। एनआईएस के अनुसार, कुर्स्क सीमा क्षेत्र में तैनात अनुमानित 11,000 उत्तर कोरियाई सैनिकों में से कुछ को वास्तविक युद्ध में भेजा गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा। ) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129